अधिकतम : 34° C
न्यूनतम : 21° C

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

मुजफ्फरनगर, रविवार 7 जून 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 139 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**सीबीएसई में अनियमितताएं धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का प्रमाण: कांग्रेस** पेज 2



**प्रज्ञानंद ने आखिरी राउंड में नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता** खेल टाइम्स



**अमेरिका-ईरान फिर सैन्य टकराव के बेहद करीब** पेज11



**AI के सबसे अच्छे 5 कोर्स: नहीं होगी नौकरी की दिक्कत** करियर

## संक्षिप्त समाचार

### बिरला आठ को करेंगे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा में द्वितीय राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-दो (उत्तर जोन) के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे जिसमें विभिन्न विधानसभाओं, विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी, सांसद, विधायक, केंद्रीय मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे। लोकसभा सचिवालय की सूचना के अनुसार सम्मेलन का विषय 'भविष्य की चुनौतियों से निपटने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में जागरूक समाज और विधि-निर्माताओं की भूमिका' रखा गया है।

### पंचायती राज मंत्रालय कल जारी करेगा रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय आठ जून को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राज्य वित्त आयोगों की डेटासेट पर गठित समिति की रिपोर्ट सोमवार को जारी करेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डा. वी. अनंत नागेश्वरन, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के एसोसिएट प्रोफेसर डा. मनीष गुप्ता के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों और अनुसंधान संस्थानों एवं नीति निकायों के विशेष प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह रिपोर्ट जारी करेंगे।

### विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक आठ जून को

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक आठ जून को होगी, जिसमें नीट परीक्षा से जुड़े विवाद, शिक्षा व्यवस्था, महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि, चुनाव से जुड़े मुद्दों तथा संसद के मानसून सत्र के लिए साझा रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। कांग्रेस की पहल पर हो रही इस बैठक को विपक्षी दलों के बीच समन्वय मजबूत करने की कोशिश बताया जा रहा है। बैठक सोमवार आठ जून को यहां कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में होगी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) ने बैठक में शामिल नहीं होने की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी पहले ही इंडिया गठबंधन से दूरी बना चुकी है।

### एनसीआर में वायु प्रदूषण नियमों के उल्लंघन के 87 केस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधान आयोग (सीएक्यूएम) की प्रवर्तन कार्यबल (ईटीएफ) ने 11 से 29 मई के बीच 245 निरीक्षण किए, जिनमें वायु प्रदूषण संबंधी नियमों के उल्लंघन के 87 मामले सामने आए। आयोग की 132वीं ईटीएफ बैठक में समीक्षा के दौरान बताया कि 19 दिनों की अवधि में निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) स्थलों पर 31, औद्योगिक इकाइयों में 74 तथा डीजल जनरेटर (डीजी) सेटों से संबंधित 140 निरीक्षण किए गए।

# श्रेयस अय्यर टी-20 के नए कप्तान, वैभव सूर्यवंशी की टीम में एंट्री

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी दौरों (जून-जुलाई) और सितम्बर से जापान में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए श्रेयस अय्यर को राष्ट्रीय टी-20 टीम का नया कप्तान बनाया है।

राष्ट्रीय टीम चयनकर्ताओं युवा आतिशी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया है। तिलक वर्मा भारतीय टीम के उपकप्तान होंगे। इसके अलावा 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें तीनों टीमों जगह मिली है। टीम में हर्षित राणा की भी वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार इस साल फरवरी की शुरुआत में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला है। सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह भी नहीं मिली है। वहीं, घरेलू मैदान पर विश्वकप के दौरान नौ पारियों में 136.72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाने वाले 35 साल के सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया। आईपीएल 2026 में भी उन्होंने मुम्बई इंडियंस के लिए 13 पारियों में 270 रन बनाए थे। बीसीसीआई ने टीम के नेतृत्व में यह बदलाव लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक और उसी साल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए एक नई टी-20 टीम तैयार करने को लिए किया हैं। इस सीजन में पंजाब किंग्स के साथ प्लेऑफ में जगह बनाने से मामूली अंतर से चूकने के बावजूद, अय्यर ने 14 मैचों में शानदार 498 रन बनाए। इसमें उनका पहला आईपीएल शतक भी शामिल था। अय्यर भारतीय पुरुष टी-20 क्रिकेट टीम के इतिहास में 15वें कप्तान होंगे। भारत अपने दौरे की शुरुआत आयरलैंड के खिलाफ बेलफास्ट में 26 और 28 जून को दो टी-20 मैचों से करेगा, जिसके बाद टीम एक से 11 जुलाई तक इंग्लैंड में पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। एशियाई खेलों में पुरुषों का क्रिकेट टूर्नामेंट 24 सितम्बर से शुरू होगा और 13 अक्टूबर को पदक मैचों के साथ खत्म होगा।





■ बीसीसीआई ने तीन प्रतियोगिताओं के लिए किया टीम का ऐलान

### आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टी -20 टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, ईशान किशन, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### एशियाई गेम्स के लिए भारतीय टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती और वैभव सूर्यवंशी।

### खाद्य तेलों के मानक पैक आकार तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए मूल्य तुलना को आसान बनाने, बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने तथा पैकेजिंग में एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य तेलों और वसा की पैकेजिंग तथा शुद्ध मात्रा निर्धारण से संबंधित एसओपी में संशोधन किया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बताया कि खाद्य तेल उद्योग के प्रमुख संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है। विभाग का कहना है कि बाजार में अलग-अलग आकार के पैकेटों की बढ़ती संख्या के कारण उपभोक्ताओं को विभिन्न ब्रांडों की कीमतों और मात्रा की तुलना करने में कठिनाई होती है इसलिए नई व्यवस्था से खाद्य तेलों की पैकेजिंग में एकरूपता आएगी।

# कॉकरोच पार्टी का 5 घंटे प्रदर्शन

## सीजेपी के फाउंडर दीपके ने शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा, शनिवार को फिर जंतर-मंतर पर जुटेंगे

**दीपके ने कहा: मंत्री के इस्तीफे के लिए 5 दिन का समय, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा**

**प्रदर्शन में शामिल हुए सोनम वांगचुक, 1000+ पुलिसकर्मी, बार्डर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, (सीजेपी) ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा था कि इस्तीफे के लिए 5 दिन तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा।

अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे। सीजेपी को जंतर-मंतर पर शनिवार शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन दोपहर 3.30 बजे अभिजीत की तबीयत खराब हो जाने के बाद यह समाप्त हो गया। इसके बाद में सोनम वांगचुक के साथ धरनास्थल से रवाना हो गए। अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की आटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे। अभिजीत दीपके सुबह 7.30 बर्ज अमेरिका से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे डेढ़ घंटे बाद बाहर निकले। सुबह 9.30 बजे अभिजीत सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए। हाथ अंबेडकर की आटो बायोग्राफी थी। सुबह 10.00 बजे -शेष पृष्ठ दो पर





### कॉकरोच जनता पार्टी परेशान लोगों की आवाज: अभिजीत दीपके

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की कोख से हाल में जन्मी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवर्तक अभिजीत दीपके ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी पूर्व-नियोजित राजनीतिक रणनीति की उपज नहीं, बल्कि वह सरकार से नाराज लोगों की आवाज बनकर उभरी है और कुछ ही दिनों में लाखों लोग उससे जुड़ चुके हैं। श्री दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा ने जनता को हिंदू-मुस्लिम मुद्दों में उलझाकर रखा है, जबकि असली सवाल रोजगार, आजीविका और आम लोगों की समस्याओं का है। उन्होंने कहा कि पिछले पिछले 10-12 वर्षों से हमें हिन्दू-मुस्लिम में उलझाकर रखा गया। क्या हिंदू-मुस्लिम से नौकरियां मिल रही हैं? क्या हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से लोगों के घर अच्छी तरह से चल रहे हैं?

# आर्थिक सलाहकार परिषद ने किया आर्थिक हालात पर गहन विचार विमर्श

■ पीएम मोदी ने की बैठक की अध्यक्षता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पश्चिम एशिया के संकट से घरेलू अर्थव्यस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। देश में आर्थिक बदलाव और लंबे समय के विकास की प्राथमिकताओं से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही, सुधारों की प्रक्रिया को और गति देने तथा 'ईज ऑफ़ लिविंग' (जीवन को सुगम बनाने) और 'ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस' (कारोबार की सुगमता) को सुनिश्चित करने पर अपने विचार साझा किए। बैठक में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और नीति विशेषज्ञों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव और उसके भारतीय अर्थव्यवस्था



तथा आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ने वाले प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की। इसके अलावा वैश्विम ऊर्जा आपूर्ति में अनिश्चितता, महंगाई और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा जैसे मुद्दों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश में आर्थिक वृद्धि को गति देना और व्यापक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना था। सरकार ने शुक्रवार को ही देश में विदेशी पूंजी का प्रावह बढ़ाने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के निवेश पर लागू कर व्यवस्था में बड़ा सुधार लागू किया।

# मानसून महाराष्ट्र-आंध्र तक पहुंचा, दो दिन में 7 राज्यों में एंट्री

नई दिल्ली, वार्ता

■ मप्र-छत्तीसगढ़ में देर से पहुंचेगा, राजस्थान में आंधी

**तीन दिन** की देरी के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को यह आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में एंट्री की थी।

देश में मानसून 4 जून को केरलम पहुंचा था। आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है।

# अन्नामलाई के आंदोलन से 10 लाख लोग जुड़े

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने अपने आंदोलन 'इधु नम्मा इयक्कम' को शुरुआत में ही बड़ा जनसमर्थन मिलने का दावा किया गया है।

अन्नामलाई के अनुसार, आंदोलन शुरू होने के 10 घंटे के भीतर 10 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अन्नामलाई ने इसे लोगों का आंदोलन बताते हुए कहा कि यह राज्य के भविष्य को लेकर साझा सोच और मिशन का प्रतीक है। उनका कहना है कि पहले इस आंदोलन को खड़ा



■ शुरुआती 10 घंटों के अंदर रजिस्ट्रेशन, समर्थन में तमिलनाडु भाजपा उपाध्यक्ष का इस्तीफा

किया जाएगा, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा और बाद में इसे राजनीतिक पार्टी में बदला जाएगा। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसकी चिट्ठी शुक्रवार को सामने आई। अन्नामलाई के समर्थन में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष करु नागराजन ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैंने और कई भाजपा नेताओं ने अन्नामलाई का समर्थन करने का फैसला किया है। अन्नामलाई 5 जून की रात दिल्ली से चेन्नई पहुंचे।

# कॉकरोच जनता पार्टी ने युवाओं को किया आकर्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के जरिये सामने आई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से नीट-पेपर लीक को लेकर शनिवार को जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में सैकड़ों की तादाद में लोग इकट्ठा हुए। हाथ में पोस्टर-पर्चे लिए कुछ लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की, तो कुछ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को खत्म करने की मांग की।

जंतर-मंतर दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों का केंद्र है। सरकार की नीतियों के प्रति



अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए हर शख्स एवं समूह इसकी ओर रुख करता है, हालांकि सीजेपी का यह प्रदर्शन खास था। यहां सिर्फ समाज के वरिष्ठ प्रतिभागी ही नहीं, बल्कि किशोर, यहां तक की स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे। ऐसे ही एक छात्र समर्थ अपने जीवन के पहले विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने जंतर-मंतर पहुंचे। 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले समर्थ की उम्र सिर्फ 17 वर्ष है, लेकिन जब उसे यह पता चला कि

■ अपने जीवन के पहले प्रदर्शन में हजारों की तादाद में जंतर-मंतर पहुंचे नौजवान

यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा के मुद्दे पर आयोजित हो रहा है, तो उसने अपनी मां से जिद की कि वह जंतर-मंतर जाना चाहते हैं। उसकी यह जिद मान ली गई। समर्थन ने इस प्रदर्शन में शामिल होने के अनुभव पर कहा कि यह मेरे जीवन का पहला विरोध प्रदर्शन है। सालों से बहुत से ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे गुस्सा आता है।



## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर ने टीईटी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका की दायर

**नई दिल्ली।/श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है। केंद्र शासित प्रदेश की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि सरकार ने इस मामले को लगातार आगे बढ़ाया है और उच्चतम न्यायालय के फैसले से प्रभावित शिक्षकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुश्री इटू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिबद्धता के अनुसार समीक्षा याचिका उच्चतम न्यायालय में दायर की जा चुकी है। सरकार ने इस मामले को लगातार आगे बढ़ाया है और हम शिक्षकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत द्वारा मई के अंतिम सप्ताह में उसके 2025 के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं को खारिज करने के बाद सामने आया है, जिसमें शिक्षा का अधिकार अधि. नियम, 2009 के लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी को अनिवार्य कर दिया गया था।

### जयंत ने बच्चों के लिए शिशु सदन केंद्र का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** समावेशी, करुणामय और जन-केंद्रित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा कदम उठाते हुए केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी मंत्रालय के कर्मचारियों के बच्चों के लिए कौशल भवन में शिशु सदन केंद्र का उद्घाटन किया। एमएसडीई मुख्यालय में लगभग 600 वर्ग मीटर में फैला यह नया शिशु सदन बच्चों के लिए एक स्वागतपूर्ण, सुरक्षित और शैक्षिक वातावरण प्रदान करेगा।

## सीबीएसई में अनियमितताएं धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का प्रमाण: जयराम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा है कि सीबीएसई की परीक्षा, ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं से साबित हो गया है कि प्रधान सक्षम नहीं है और उनकी अक्षमता सबके सामने अब उजागर हो गई है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि शिक्षा मंत्रालय से जुड़े मामलों की परतें लगातार खुल रही हैं। सीबीएसई के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल के लिए चयनित कंपनी सीओईएमपीटी ने साइबर सुरक्षा संबंधी जिन प्रमाणपत्रों को निविदा प्रक्रिया में प्रस्तुत किया था, उनमें गंभीर खामियां थीं। उनका कहना था कि एक प्रमाणपत्र किसी अन्य ग्राहक से संबंधित था और उसकी वैधता समाप्त हो चुकी थी, जबकि दूसरा केवल अस्थाई एप्लिकेशन के ऑडिट पर आधारित था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इन तथ्यों के बावजूद सीबीएसई ने कंपनी को ऊंची दरों पर ठेका प्रदान किया। पार्टी का कहना है कि फरवरी 2025 में कुछ एथिकल हैकर्स ने पोर्टल की साइबर सुरक्षा में गंभीर कमियों की ओर ध्यान दिलाया था, लेकिन सीबीएसई ने लंबे समय तक इन तथ्यों को स्वीकार नहीं किया।

### कांग्रेस का दलित-अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अनुसूचित जाति, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई व्यापक स्तर पर लड़ने का फैसला करते हुए कहा है कि इसके तहत 20 जुलाई को यहां जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने शनिवार को दोनों विभागों के कार्यकर्ताओं की यहां दिनभर चली बैठक के बाद संयुक्त सम्मेलन में कहा कि देश में दलितों, आदिवा. सियों, अल्पसंख्यकों और अतिपिछड़े वर्गों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है और उनके उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं, जिन्हें देखते हुए दोनों विभाग मिलकर देशव्यापी अभियान चलाएंगे।

## भाजपा में राजनीतिक विरासत की मची होड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **कई वरिष्ठ नेताओं की चाहत, उनके बच्चे सियासत में सक्रिय हों, परिवार की राजनीतिक जमीन को आगे बढ़ाएं**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव करीब आते ही भारतीय जनता पार्टी के भीतर 'विरासत की राजनीति' फिर चर्चा में है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की चाहत है कि उनके बच्चे सियासत में सक्रिय हों और परिवार की राजनीतिक जमीन को आगे बढ़ाएं। टिकट को लेकर अभी कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है, लेकिन इन नेताओं के बेटे-बेटियों ने जमीनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ी उपस्थिति, जनता से सीधा संवाद और सोशल मीडिया पर सक्रियता से साफ है कि वे मैदान में उतरने के लिए कमर कस चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बड़े बेटे पंकज सिंह पहले से विधायक हैं। अब छोटे बेटे नीरज सिंह भी राजनीतिक गलियारों में तेजी से सक्रिय हुए हैं। पिछले कई सालों से नीरज लखनऊ में पिता की अनुपस्थिति में पार्टी कार्यक्रमों और सार्वजनिक मंचों पर प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा उन्हें लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से उतार सकती है, या फिर संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। यूके की लीड्स यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट नीरज सोशल मीडिया पर खासे सक्रिय हैं और युवाओं के बीच उनकी पकड़ भी मजबूत मानी जाती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव सिन्हा भी चुनावी दौड़ में हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उनके नाम की चर्चा थी, लेकिन टिकट नहीं मिला। इस बार गाजीपुर सदर से उन्हें मौका मिलने की संभावना ज्यादा बताई जा रही है। अभिनव जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियान और पार्टी बैठकों में लगातार नजर आ रहे हैं। गाजीपुर सदर सीट 2022 में भाजपा से संगीता बलवंत ने लड़ी थी, जो अब राज्यसभा पहुंच चुकी हैं। ऐसे में नए चेहरे की तलाश में अभिनव का नाम सबसे ऊपर है। फिलहाल यह सीट सपा विधायक जय किशन साहू के पास है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के बेटे करण महाना भी सक्रिय हुए हैं। बिजनेसमैन और भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य करण ने पिता के क्षेत्र महाराजपुर में हाल में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। इसी तरह झारखंड के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को भी टिकट मिल सकता है। 2024 लोकसभा में उनका नाम चला था, लेकिन टिकट नहीं मिला। अब बरेली की बहेड़ी सीट खाली होने से समीकरण उनके पक्ष में दिख रहे हैं।

छत्रपाल गंगवार के लोकसभा पहुंचने के बाद भाजपा को यहां नए चेहरे की जरूरत है। मुस्लिम और कुर्मी बहुल बहेड़ी में श्रुति की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। पूर्व भाजपा विधायक बृज भूषण शरण सिंह की बेटी शालिनी सिंह नोएडा में सक्रिय हैं। सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार से मुलाकात और सामाजिक मंचों पर मुखरता से वे चर्चा में आईं। नोएडा सिटीजन फोरम की कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी वकील, लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

### उप्र में सरकारों के नतमस्तक हो जाने का दौर अब खत्म: मुख्यमंत्री

## योगी का दंगाइयों और उपद्रवियों को अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **कहा: किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो, उसका वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा**

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में अब वह दौर नहीं रहा, जब दंगाइयों और उपद्र. वियों के सामने सरकारें नतमस्तक हो जाती थीं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी पर्व, उत्सव या धार्मिक आयोजन में बाधा डालने का प्रयास करेगा तो उसका ष्वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को गोंडा जिले के कटरा और करनैलगंज विधानसभा क्षेत्रों में कुल 516 करोड़ रुपये की 262 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये तथा करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में 260 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब रामभक्तों को ही अयोध्या जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले रामभक्त अपने प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या नहीं जा पाते थे। आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है और अब अयोध्या में रामभक्त ही जा सकते हैं, रामद्रोही नहीं।ष मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा के युवा ऊर्जावान, किसान मेहनती तथा महिलाएं प्रतिभाशाली हैं, लेकिन लंबे समय तक तुष्टिकरण, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और अराजकता की राजनीति के कारण जनपद अपेक्षित विकास से वंचित रहा। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के सभी 75 जिलों, तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायतों तक बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ कार्य कर रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के समर्थन से प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, सड़क, पुल और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार इसी जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब आपने कमल का बटन दबाया, तो मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिला।

### योगी ने मां पाटेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

**बलरामपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचे थे। विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद उन्होंने मां पाटेश्वरी मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम किया।

## यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में तीन कंपनियों का भूमि आवंटन रद्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्रएक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलीगढ़ फेज-1 डिफेंस नोड में भूमि आवंटित तीन कंपनियों के आवंटन रद्द कर दिए हैं। यह कार्रवाई कंपनियों द्वारा करीब पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य और औद्योगिक गतिविधियां शुरू न करने के कारण की गई है। यूपीडा के अनुसार यह कदम राज्य सरकार की उस नीति के तहत उठाया गया है, जिसके तहत रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए आरक्षित भूमि का समयबद्ध निवेश, जवाबदेही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। प्राधिकरण ने कहा कि संबंधित कंपनियां बार-बार की गई समीक्षा और निगरानी के बावजूद अपनी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में आगे नहीं बढ़ा सकीं। अधिकारियों का कहना है कि परियोजनाओं में लंबे समय तक हुई देरी से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की संभावनाएं प्रभावित हो रही थीं। अनुपालन समीक्षा के बाद उपीडा ने लीज समझौते के प्रावधानों के तहत आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया पूरी की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 155180 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 265000 | प्रति किलो |

## स्वास्थ्य को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए: नड्डा

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

नड्डा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि तथ्यों की अनदेखी कर चुनिंदा आंकड़ों का इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जा सकता है, लेकिन राष्ट्रहित तथ्यों पर आधारित होता है। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर 'अधूरी जानकारी' खतरनाक साबित हो सकती है। देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों को राजनीतिक बयानबाजी के बजाय तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था में हुए उल्लेखनीय सुधार को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 (2005-06) की तुलना में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रसवपूर्व पंजीकरण का प्रतिशत 43.9 प्रतिशत से बढ़कर 76.2 प्रतिशत हो गया है। वहीं संस्थागत प्रसव 38.7 प्रतिशत से बढ़कर 90.6 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में होने वाले प्रसवों का प्रतिशत 46.6 प्रतिशत से बढ़कर 91.3 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि करोड़ों महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित होने और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों का प्रमाण हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की स्वास्थ्य यात्रा की वास्तविक कहानी निराशा नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति और सुधार की कहानी है। उल्लेखनीय है कि खड़गे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर स्वास्थ्य और पोषण के मुद्दों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार न केवल महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ विश्वासघात कर रही है, बल्कि अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों को भी दबा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के एक-तिहाई बच्चे कम वजन की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा 6 से 23 महीने की आयु के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है।

## चावल नरम, गेहूं, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं और चीनी में नरमी रही। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख देख गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 16 रुपये घटकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 29 रुपये महंगा हुआ और 2,794 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 33 रुपये बढ़ गई। दाल- दलहनों में मसूर दाल औसतन 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 26 रुपये बढ़ गई। चना दला और तुअर दाल 25.25 रुपये महंगी हुई। उड़द दाल भी 23 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 44 रुपये और सोया तेल 10 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 144 रुपये और मूंगफली तेल की 91 रुपये बढ़ गई। वनस्पति 51 रुपये और सूरजमुखी तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 46 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7730.43 रुपये, मसूर काली 8109.24 रुपये, मूंग दाल 10192.53 रुपये, उड़द दाल 10847.65 रुपये, तुअर दाल 11264.38 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2793.86 रुपये और चावल 3851.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3281.74 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4351.65 रुपये और गुड़ 5088 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 18165.03 रुपये, मूंगफली तेल 18962.68 रुपये, सूरजमुखी तेल 17646.89 रुपये, सोया तेल 15147.03 रुपये, पाम ऑयल 13726.86 रुपये और वनस्पति 15159.31 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कॉकरोच पार्टी...**

अभिजीत जंतर-मंतर पहुंचे। यहां समर्थकों ने स्वागत किया और लोगों से बातचीत की। सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक दीपके ने अपने समर्थकों के बीच 5 बार छोटी-छोटी स्पीच दी। इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए गए। दोपहर 3.30 बजे दीपके की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें गाड़ी में बैठाया गया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। वे सोनम वांगचुक के साथ रवाना हो गए। प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दिपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता एनी राजा और वामपंथी छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं। सीजेपी के प्रदर्शन के मद्देनजर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट, मुख्य रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और दिल्ली के बॉर्डर पॉइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। 1000 से ज्यादा पुलिस जवान पहले से तय पॉइंट्स पर तैनात किए गए थे। बाजारों और संवेदनशील इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई थी। अभिजीत ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धर्मेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी की बात नहीं मानी जाती है, तो 13 जून को जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं शिवसेना (उद्धव) के चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि युवाओं को कॉकरोच कहकर उनका अपमान करना गलत है। अब यही युवा अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं और सरकार को उनकी बात सुननी होगी। अखिलेश यादव ने सीजेपी प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा कि गुरूरमंद हुक्मरानों तक पहुंचे ये आवाज, अब नौजवानों ने भी कर दिया है इंकलाब। एनसीपी(एसपी) के महासचिव रोहित पवार ने कहा कि सीजेपी मिल रहा समर्थन यह दिखाता है कि देश के युवाओं में केंद्र सरकार की नीतियों और मुख्य परीक्षाओं में हुई कथित लापरवाही को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है। 30 साल के अभिजीत महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल, अमेरिका की बास्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशंस से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं। अभिजीत 2020 से 2022 तक आम आदमी पार्टी (आप) के सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट रहे हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अभिजीत आप के लिए वायरल मीम बेस्ड ऑनलाइन प्रचार का मटेरियल बनाते थे। किसान आंदोलन से लेकर महंगाई जैसे राजनीतिक मुद्दों पर अभिजीत एक्स अकाउंट पर केंद्र सरकार और पीएम पर निशाना साधते रहे हैं।

## सैफई में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के गो रक्षा अभियान को सपा का समर्थन

**इटावा, वार्ता**

■ **स्वामी गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर प्रदेश और देशव्यापी जन-जागरण यात्रा पर हैं**

गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर देशव्यापी जन-जागरण अभियान चला रहे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का शनिवार को सैफई में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया और गौ संरक्षण के मुद्दे पर समर्थन व्यक्त किया। सैफई में आयोजित कार्यक्रम में मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, बदायूं सांसद आदित्य यादव, करहल विधायक तेज प्रताप यादव सहित यादव परिवार के राजनीतिक और सामाजिक सदस्य तथा बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गो संरक्षण और गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर प्रदेश और देशव्यापी जन-जागरण यात्रा पर हैं। इस अभियान के तहत वे विभिन्न जिलों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हाल के दिनों में उनकी यात्रा उस समय चर्चा में आई जब कन्नौज में कथित रूप से प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर रुकने की अनुमति न मिलने के बाद उन्हें सड़क किनारे रुकना पड़ा।

इसके बाद समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने उनके प्रति समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम में डिपल यादव ने कहा कि यादव समाज परंपरागत रूप से गौ पालन और गौ सेवा से जुड़ा रहा है तथा वे शंकराचार्य के राष्ट्रमाता जन-जागरण अभियान के साथ खड़े हैं। वहीं शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि गौ माता के संरक्षण और सम्मान से जुड़ी मांगों का वह समर्थन करते हैं। उन्होंने प्रदेश की मौजूदा नीतियों पर भी टिप्पणी करते हुए जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक विषय नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने समाज और सरकार दोनों से गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने का आह्वान किया। साथ ही यादव समाज की गौ पालन परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि इस समुदाय ने लंबे समय से गोवंश की रक्षा और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं ने शंक. राचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन में दो सौ से अधिक श्रद्धालु और समर्थक शामिल हुए। समारोह का प्रमुख आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण की लगभग 60 फीट ऊंची प्रतिमा रही, जिसके सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। शंकराचार्य की यह यात्रा गौ रक्षा जागरण अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जारी है, जिसके माध्यम से वे गौ संरक्षण, सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जनजागरण का संदेश दे रहे हैं।

### महबूबा ने जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने शनिवार को बैठक आयोजित कर पार्टी के कामकाज और जम्मू-कश्मीर की मौजूदा राजनी. तिक स्थिति पर चर्चा की। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के शहर के बाहरी इलाके में स्थित उनके आवास पर हुई। इसमें पार्टी के लगभग सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि खिमबर में हुई बैठक में पीडीपी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सरताज मदनी, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष अब्दुल रहीम वीरी, महासचिव (संगठन) गुलाम नबी हंजूरा, मुख्य प्रवक्ता महबूब बेग एवं नईम अख्तर, श्री बशारत बुखारी, मंसूर हुसैन और यासिर रेशी सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी के तीन विधायक श्री रफीक अहमद नाइक, फैयाज अहमद मीर और वहीद पारा भी बैठक में मौजूद थे।

# हाईवे पर भयानक हादसा, टुकड़ों में बिखरे तीन लोगों के शव

## तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक में टक्कर मारकर तीनों को कुचला, घंटों यातायात रहा बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** हाइवे पर सिसोना कट के निकट हरियाणा से हरिद्वार जा रहे दो बाइक सवार युवक व एक बच्चे की केंटर से कुचल कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना इतनी भयानक हुई कि सड़क पर चिपके शवों को देखकर लोगों की रूह कांप उठी। मौके पर पहुंची पुलिस को भी सड़क पर चिपके शव को उठाने के लिए बडी कठिनाई का सामना करना पडा। इस दौरान घंटो तक हाइवे पर वाहनों की दोनो ओर से दूर-दूर तक कतारे लग चुकी थी जहां पुलिस ने आनन फानन में दुर्घटना करने वाले ट्रक को सड़क किनारे किया और शवो को मोर्चरी भेजने के बाद वाहनों का आवागमन चालू कराया। कई घंटे तक तीनों शव अज्ञात में ही रहे। मृतकों के पास से मिले आधार कार्ड से नाम पते ज्ञात होने पर पुलिस ने इसकी जानकारी पीड़ित परिवार को दी तो यहां कोहराम मच गया।

हरियाणा प्रदेश के जनपद सोनीपत के थाना खरखोदा, गांव रामपुर निवासी 35 वर्षीय संदीप उसका 11 वर्षीय पुत्र वंश व 23 वर्षीय भानजा नरेंद्र बाइक से हरिद्वार जा रहे थे जब वे शनिवार को सुबह साढे नौ बजे हाइवे पर सिसोना कट के निकट पहुंचे तो यहां दर्दनाक ही नहीं इसको भयानक कहा जाएगा एक हादसा हो गया। तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवारों को रौंद डाला। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनो लोग और बच्चा दूर जाकर पड़े जबकि बाइक एक ओर किनारे पर जाकर



रूकी। घटना के बाद ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ जहां सड़क पर चिपके पडे शवों को देखकर लोगों की रूह कांप उठी। बतायाजाता हे



कि कैंटर की टक्कर से जब बाइक सवार नीचे गिर गए तो कैंटर उन्हे कुचलता हुआ आगे निकल गया प्रत्यादर्शियों का तो यह भी कहना है कि हाइवे होने के कारण तेज रफ्तार वाहन तीनों शवों को कुचलकर आगे बढ़ते रहे जिससे तीनों शवों की दशा गंभीर हो गई थी।

सूचना के कुछ देर बाद ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची इस समय जहां ट्रक सड़क के बीचो-बीच खडा तो वही तीनों शवों के टुकडे बिखरे हुए थे यही कारण रहा कि दोनो ओर वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारे लग चकी थी। हालात यह हो गए थे कि छोटे वाहन का निकलना भी दुभर था। मौके पर पहंची पुलिस ने सडक पर बिखरे पडे शवों के टुकडों को एकत्रित किया और तुरंत ही मोर्चरी भेजा। इतना ही नहीं सड़क के बीचो-बीच खडे ट्रक को सड़क किनारे लगाया गया। सूचना के कुछ देर बाद ही यातायता पुलिस के साथ एसपी देहात मौके पर पहुंच चुके थे उन्होने मार्ग को साफ कराकर दोनो ओर से वाहनों का आवागमन चालू कराया पुलिस को यहां घंटो मुसिबत का सामना करना पडा उधर क्षेत्रीय दरोगा ने नाम पता ज्ञात करने के प्रयास शुरू किए। घंटो तक तीनों शवों अज्ञात में रहे तलाशी लेने के बाद कुछ कागज व आधार कार्ड बरामद हुए तो पुलिस ने मोबाइल नम्बर के आधार पर इसकी जानकारी पीड़ित परिवार को दी।

# ट्रक ने स्कूटर सवार युवक का रौंदा

## स्कूटर सवार पेंटर की मौत, साथी भी हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** ग्राम संधावली के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटर सवार पेंटर को रौंद डाला। जिससे उन्नीस वर्षीय युवक की मोके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी चोटिल हो गया। घटना के दोरान मृतक व घायल स्कूटर द्वारा सामान खरीदने के लिए आए थे और वापस लौटते समय हादसा हो गया। इस घटना से परिवार में को. हराम मच गया है।

थाना तितावी क्षेत्र के गांव हैदरनगर बघरा निवासी ललित पुत्र सोबीर द्ध19 वर्षत्र्ञ अपने एक साथी के साथ स्कूटी से मुजफ्फरनगर गया था।दोनों युवक पेंटर का काम करते थे और काम के लिए पेंट खरीदने मुजफ्फरनगर आए थे।वापस लौटते समय मंस. ूरपुर थाना क्षेत्र में संधावली के समीप हाईवे पर सड़क पार करते समय उनकी स्कूटी को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि ललित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उसका साथी मामूली रूप से घायल हुआ,जिसे प्राथमिक उपचार दिया गया।दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और राहग. ीरों की भीड़ जमा हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही मंसूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रामीणों के अनुसार,ललित मेहनतकश युवक था और पेंटिंग का कार्य कर अपने परिवार का सहारा बना हुआ था।उसकी अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी विपिन कुमार त्यागी का कहना है कि हादसे के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# तेज रफ्तार वाहन बन रहे इंसानों के लिए काल का ग्रास

## हाईवे पर कुछ माह में 4 दर्जन से अधिक लोगों की जा चुकी है जान, लम्बे सफर पर एक ही चालक का होना घटना का सबब

**आखिर किसकी जिम्मेदारी? क्यो नहीं मिलता संबंधित विभाग?**

**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुजफ्फरनगर।** हादसों के पीछे यदि गौर किया जाए तो सबसे पहला कारण जो मुख्य रूप से है वो बड़े या छोटे वाहनों की तेज की रफ्तार है। हाई-वे लोगों की सहुलियत के लिए बना, लेकिन खाली सड़के मिलने से वाहन चालक अपने वाहन को तेज गति से दौड़ाते है। दूसरा कारण लापरवाही भी कहा जा सकता है और कई खतरनाक दुर्घटनाओ में तो ऐसा देखना को मिला कि चालक नशे में हुआ और अधिक तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसा हो गया। एक कारण पर ओर नजर डाली गई जिसमें यह पाया गया कि रोडवेज बस हो या बडा कोई भी वाहन चालक की कमी, लम्बी दूरी के वाहनों पर दो चालक व एक परिचालक होना चाहिए, लेकिन घटना के बाद गौर किया जाए तो लम्बी दूरी तय करने वाले वाहन पर एक ही चालक और एक ही परिचालक पाया गया। ऐसे में जहां ट्रक व समानों को ले जाने वाला बड़ा वाहन न तो अपनी जान बचा पाता है और परिचालक की जान को भी खतरा में डाल देता है इतना ही नहीं रोडवेज बसों पर नजर डाली जाए तो उनकी तेज रफ्तार या लम्बी दूरी तय करने वाले वाहन पर एक ही चालक तैनात जिससे यात्रियों के लिए भी सफर असुरक्षित कहा जा सकता है यानि के सफर की कोई गारंटी नहीं। बीते कुछ माह पर नजर डाली जाए तो दिल्ली-देहरादून हाई-वे यानि के खतोली से लेकर पुरकाजी तक और मंडी क्षेत्र के दिल्ली देहरादून हाईवे बिलासपुर कट पर कुछ ही दिनों में तीन-चार हादसों में दर्जन भर लोगों की जान चली गई, जबकि चालक सहित कई लोग बुरी तरह घायल हुए कुछ लोग तो अस्पतालों में ऐसे देखने को मिले जिनको शायद उम्र भर ही बैठकर गुजारनी पड़े। 2025 और 2026 में एनएच-58 पर दर्जनभर हादसे हुए है। वैसे तो हमारा औचित्य किसी विभाग को टारगेट करना नहीं है, लेकिन ऐसे में परिवहन विभाग के सुरक्षा के दावों की पोल भी खुलती है, क्योकि हादसों के बाद भी विभागीय कार्यप्रणाली पर कोई सुधार नहीं देखा गया। यही कारण है कि लगातार हादसे हो रहे है। दिल्ली देहरादून हाईवे के मंडी क्षेत्र से लेकर छपार क्षेत्र तक न जाने कितने लोग काल का ग्रास बन गए और सभी हादसों में वाहन की तेज गति सामने आई। हादसों के बाद मौके परपहुंचे कुछ अधिकारी तो परिवहन विभाग के अधिकारी से सम्पर्क करते है ताकि चालकों को जागरूक किया जाए वैसे तो यातायात के अधिकारी व कर्मचारी यातायात माह में दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को जागरूक करते है यहां तक स्कूल कॉलेजों में भी छात्र-छात्राओं को जागरूक करते है, लेकिन कुछ दिन बाद जागरूक करने का मामला शांत हो जाता हे ओर फिर वहीं तेज रफ्तार, हादसों का सिलसिला शुरू रहता है। अधिकतर हादसों में चालकों की तेज गति, शराब का नशा व लम्बी दूरी।

### दो लाख के माल के साथ केला गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** शातिर व वांछित चोर केला को गिरफ्तार कर दो लाख की कीमत के सामान अवैध असलाह व बाइक बरामद करने का दावा किया है मंसूरपुर पुलिस की चेकिंग के बाद मुठभेड़ करते हुए इमरान उर्फ केला निवासी लिसाढ़ीगेट मेरठ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इमरान उर्फ केला शातिर अपराधी है और वह चोरी के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश में थी।

### छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेल्फेयर एसोसिएशन वामा सारथी द्वारा शनिवार को पुलिस लाइन में कक्षा दस व बारहवी बोर्ड की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पुलिस परिवारों के तीन मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उतकृष्ठ शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यहां पर एसएसपी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# टोल प्लाजा पर चालक से मारपीट, हुआ हंगामा

**तितावी।** तितावी क्षेत्र के जागाहेडी टोल प्लाजा पर टोल शुल्क को लेकर हुए विवाद के बाद टोलकर्मियों और कार चालक के बीच मारपीट की वीडियो वायरल हो रही है। इसमें किसका कितना गुनाह है यह तो पुलिस जांच का विषय है, लेकिन जनपद के अधिकतर टोल प्लाजाओं पर आए दिन राहगीरों व टोलकर्मियों के बीच घमासान की घटनाएं देखी जा सकती है। टोल प्लाजा पर होने वाली घटनाओं को लेकर पुलिस कई राहगीरों पर कार्यवाही कर चुकी है तो टोल प्लाजा कर्मियों के विरूद्ध भी मुक. दमा दर्ज किया गया। अब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि टोल कर्मियों ने कार चालकों के साथ अभद्रता व मारपीट की थी। इस संबंध में सीओ फुगाना यतेन्द्र सिंह नागर का कहना है कि कार चालक अपने परिवार के साथ शामली से मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था घटना रात्रि आठ बजे की है जहां जागाहेडी टोल प्लाजा पर टोल शुल्क को लेकर टोलकर्मियों से कहासुनी हो गई।

# अनुदायिक यूरिया की कालाबाजारी में मुख्य सप्लायर व डिस्ट्रीब्यूटर दबोचे

**मुजफ्फरनगर।** अभी तक नकली खाद्य पदार्थ और प्रति. बंधित दवाईयों के जखीरे के साथ शातिर गिरोह पुलिस कानून के शि. कंजे में फस रहा था और पुलिस करोडों की दवाईयां व नकली खाद्य पदार्थ को बेचने वाले कारोबारियों को जेल भेज रही थी, लेकिन अब एक नया चल चला है जिसमें कुछ लोग सरकारी अनुदार पर उपलब्ध कराने वाली यूरिया खाद्य को अवैध रूप से खरीदकर यमुनानगर, हरियाणा में उचित दामों में फैक्ट्रियों में सप्लाई करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया है। इसमें एक सराहनीय मामला यह है कि पुलिस ने सप्लाई करने के आरोप में नौकर व अगेरा-वगेरा नहीं पकडे बल्कि मुख्य सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूटर को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह छह माह के भीतर पन्द्रह लाख किला. ग्राम से अधिक अनुदायिक यूरिया की कालेबाजारी कर चुका था ऐसा पुलिस अधिकारियों का कहना है।



# कूड़े से कमाई का मॉडल बन रहा मुजफ्फरनगर

**■ चेयरपर्सन ने किया एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका परिषद कूड़े को संसाधन में बदलकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सूखे कचरे के पृथक्करण और पुनर्चक्रण से शहर स्वच्छ हो रहा है और पालिका की आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है। भविष्य में शहर से निकलने वाला कूड़ा नगर पालिका की आय का प्रमुख स्रोत बनेगा।

**एमआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण :** शनिवार को पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने रुड़की रोड स्थित एमआरएफ (मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां कचरा पृथक्करण, रिसाइक्लिंग और स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों-कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।



**कचरे से मिले 2.66 लाख रुपये :** पालिकाध्यक्ष ने बताया कि एमआरएफ सेंटर का संचालन जेएस एनवायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। डोर-टू-डोर कलेक्शन से मिले सूखे कचरे को यहां प्लास्टिक, लोहा, पॉलीथिन आदि में अलग कर बेचा जाता है। पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी ने पालिका कोष में करीब 1.20 लाख रुपये जमा कराए थे। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 1.20 लाख और 26 हजार रुपये की दो किस्तें जमा हो चुकी हैं। यह पूरी आय कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और पुनर्चक्रण से हुई है।

**दो नए सेंटर जल्द होंगे शुरू :** मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि फिलहाल एक एमआरएफ सेंटर संचालित है। दूसरे केंद्र में मशीनरी सेक्शन तैयार है और सहावली में भवन निर्माण पूरा हो चुका है। वहां जल्द मशीनें लगाकर संचालन शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वच्छता व संसाधन प्रबंधन नीतियों को इससे मजबूती मिल रही है। स्वच्छ शहर, बेहतर पर्यावरण और संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, सीएसएफआई योगेश कुमार, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, सभासद पति प्रमोद अंबेडकर, एसबीएम लिपिक रूचि शर्मा, कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नीतेश चौधरी, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# जेयू इस्लामिया कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न

## डॉ. रिजवान बने अध्यक्ष, डॉ. अब्दुल वाजिद को मिली सचिव की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जामे उल उलूम एजुकेशनल सोसायटी, कुटेसरा द्वारा संचालित जेयू इस्लामिया इंटर कॉलेज, कुटेसरा की प्रबंध समिति का चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में आम सहमति से सम्पन्न हुआ। सभी सदस्यों ने एकजुटता का परिचय देते हुए दोनों पदों के लिए लिए उक्त नामों पर सहमति जताई।

कॉलेज के प्रधानाचार्य मासूम अली त्यागी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जामे-उल-उलूम एजुकेशनल सोसायटी, कुटेसरा तथा जेयू इस्लामिया इंटर कॉलेज, कुटेसरा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद के लिए डा. रिजवान अली का सर्वसम्मति से चयन किया गया, वहीं सचिव एवं प्रबंधक पद की जिम्मेदारी डा. अब्दुल वाजिद को सौंपी गई। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराई गई। चुनाव अधिकारी के रूप में राजकीय हाईस्कूल रोनी हरजीपुर के प्रधानाध्यापक रामकुमार शर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में राजकीय हाईस्कूल रसूलपुर के सहायक अध्यापक संदीप कुमार कौशिक मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों की देखरेख में चुनाव की समस्त औपचारिकताएं सफलतापूर्वक पूरी की गईं।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर सोसायटी एवं कॉलेज से जुड़े सदस्यों ने खुशी का इजहार करते हुए उनका स्वागत किया। नवनिर्वाचित दोनों पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नई प्रबंध समिति शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी को साथ लेकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रभावी कार्य करेगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं विकास संबंधी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया तथा नई कार्यकारिणी को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# कमज़ोर हो रही खाद्य सुरक्षा, कैसे हो गुणवत्ता की परख

**काज़ी अमजद अली**

**मोरना।** मानव स्वास्थ्य के दिन प्रतिदिन गिरते स्तर के लिये प्रमुख कारणों में कमज़ोर होती खाद्य सुरक्षा बताई जा रही है। जानकारों के अनुसार वातावरण के साथ-साथ उचित खान-पान ना होना स्वास्थ्य के गिरने का प्रमुख कारण बन गया है जहां सरकार व्यक्ति के स्वास्थ्य को लेकर मजबूत सुरक्षा चक्र बनाने के लिये प्रयासरत है। वही बाजार में बिक रहे नकली खाद्य पदार्थ तथा नकली खाद्य सामग्री स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न किए हुए हैं।वहीं व्यवस्था न होने से आम नागरिक खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को परखने से मजबूर है।

**गली मोहल्ले में** स्थित किरयाना स्टोर से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों पर सैकड़ो तरह के खाद्य पदार्थ बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं। प्रतिदिन आम जरूरत के लिए व्यक्ति इनकी खरीद करता है अनेक प्रकार के लुभावने विज्ञापन तथा विभिन्न प्रकार के रंगों से सुसज्जित पैकेट प्रत्येक का मन सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। दुकानों पर साधारण बिस्किट से लेकर अनेक प्रकार रेडीमेड उत्पादो के ढेर लगे हुए हैं।वहीं बच्चों के लिये साधारण टॉफी चॉकलेट सहित अनेक प्रकार के नमकीन व मीठे उत्पादन बन्द पैकेट में धड़ल्ले से बिक रहे है। बच्चों के खाने-पीने के उत्पादों पर न तो किसी कंपनी का नाम होता है।और न ही उस उत्पाद में डाली गयी सामग्री का कोई ब्यौरा छपा होता है।सेंकडो प्रकार के उत्पादों में यह जान लेना बहुत मुश्किल तथा असंभव लगता है कि कौन सा उत्पाद असली है तथा कौन सा नकली है किस उत्पाद से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने वाला है तथा किस उत्पाद के खाने से शरीर को क्या लाभ होने वाला है। सुबह सवेरे उठकर मंजन टूथब्रष्ट करने से लेकर नहाने के साबुन शैंपू तक तथा नाश्ते में प्रयोग होने वाली महत्वपूर्ण सामग्री तक तथा दिनभर खाने के प्रयोग में लाने पर पयपदार्थ तथा अन्य खाद्य पदार्थों को लेकर कोई सटीक जानकारी किसी के पास नही है।

खाद्य पदार्थ की मजबूत चेन बनाने को अनाज व दाल तिलहन आदि की गिरती गुणवत्ता को लेकर जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं




लेकिन यह प्रयास कब सार्थक होंगे इसका भी कोई समय निश्चित नहीं है।

जानकारी के अनुसार सड़क किनारे ठेले व खोमचे से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों पर बिकने वाले उत्पादों को तुरन्त परखने की कोई तकनीक व्यक्ति के पास नहीं है। त्योहारों के दौरान कुछ कार्यवाही खाद्य विभाग द्वारा की जाती है क्या यह मान लिया जाए कि त्योहारों के बाद वह सब उत्पाद ठीक होकर बिकने लगते हैं क्या वह सभी व्यक्ति त्योहारों के बाद ईमानदारी से काम करने लगते हैं या त्योहार पर कार्रवाई कर सजगता का परिचय दिया जाता है। आज हृदय,जिगर,गुर्दे,उदर तथा दिमागी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उचित इलाज के साथ उचित खानपान भी अच्छी सेहत के लिए जरूरी है।नागरिकों के स्वास्थ्य को उच्च बनाने के लिए आज खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को भी उच्च बनाना जरूरी हो चला है जिसमें शासन प्रशासन का सहयोग बेहद जरूरी है। सावधानी व जानकारी ही बचाव है। वहीं प्रशासन को भी चाहिए कि वह नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के उत्पादों पर तुरन्त लगाम लगाये जो व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है खासतौर से ऐसे लुभावने पैकेट वाले उत्पाद जो बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहे हैं। वहीं सड़क किनारे पहुंचे वाले अनेक प्रकार के लोग भावना व्यंजन तैयार कर रहे हैं छोटे बच्चों से लेकर एक आम आदमी अपने खाने-पीने को लेकर इनका रोक कर रहा है।

# लीची बागों में लगाए गए जाल बन रहे पक्षियों के लिए मौत का फंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मीरापुर क्षेत्र में लीची के बागों में फलों को पक्षियों से बचाने के लिए लगाए गए जाल अब पक्षियों के लिए मौत का कारण बनते जा रहे हैं।

मीरापुर क्षेत्र के ग्राम भुम्मा, चुड़ियाला, संभलहेडा, मुझेडा टोल प्लाजा के निकट, कुतुबपुर, खेडी सराय आदि के निकट स्थित कई लीची बागों में ठेकेदारों द्वारा पूरे बाग को जाल से ढक दिया गया है। इन जालों में फंसकर बड़ी संख्या में पक्षी अपनी जान गंवा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय भोजन की तलाश में आने वाले पक्षी इन जालों में फंस जाते हैं और बाहर निकलने के प्रयास में घंटों तड़पते रहते हैं।

कई पक्षियों की मौके पर ही मौत हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले वर्ष भी इसी प्रकार सैकड़ों पक्षी जाल में फंसकर मारे गए थे, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभागों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों का आरोप है कि प्रशासन और वन विभाग इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है। कई बार वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मामले की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इससे वन्य जीव प्रेमियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि लीची बागों में लगाए गए घातक जालों की जांच कराई जाए तथा ऐसे जाल लगाने वाले बाग ठेकेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक और सुरक्षित उपाय अपनाए जाएं, ताकि बेजुबान पक्षियों की जान बचाई जा सके।

# एसडीएम तहसीलदार ने वाटर कूलर का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** तहसील परिसर में लेखपाल संघ ने आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वाटर कूलर लगवाया।

एसडीएम एवं तहसीलदार ने संयुक्त रूप से नए वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में तहसील आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर एसडीएम रश्मि लाम्बा ने कहा कि तहसील में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पेयजल की बेहतर व्यवस्था से उन्हें राहत मिलेगी। तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने भी वाटर कूलर की स्थापना को जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके नियमित रखरखाव के निर्देश दिए। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में यह सुविधा आमजन के लिए काफी लाभदायक साबित होगी। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम रश्मि लाम्बा, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, नायब तहसीलदार अजय कुमार, ब्रजेश कुमार सहित तहसील के अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# चिलचिलाती गर्मी में फरियादियों की उमड़ी भीड़

## तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त कुल 55 शिकायतों में से एक शिकायत का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** तहसील में एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में चिलचिलाती गर्मी में फरियादियों की भारी भीड रही। जानसठ उपजिलाधिकारी रश्मि लाम्बा, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, डीएसपी ऋषिका सिंह द्वारा तहसील जानसठ पर सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम रश्मि लाम्बा नें समाधान दिवस में मौजूद समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उपजिलाधिकारी रश्मि लाम्बा नें तहसील दिवस में पहुंचे कुल 55 फरियादियों की फरियाद गंभीरता के साथ सुनकर एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर गुणवत्तापूर्ण उनके निस्तारण के आदेश दिए। एसडीएम रश्मि लाम्बा, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, डीएसपी ऋषिका सिंह नें संयुक्त रूप से सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारीगण व शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपजिलाधिकारी रश्मि लाम्बा, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, डीएसपी ऋषिका सिंह, नायब तहसीलदार अजय कुमार, ब्रजेश कुमार बीडीओ विशाखा , एडीओ धर्म सिंह, पूर्ति निरीक्षक गौरव निर्वाण सहित अन्य पुलिस, प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### ससुराल में मारपीट व घर में घुसने से रोके जाने का आरोप

**बुढ़ाना।** सफीपुर पट्टी बुढ़ाना देहात निवासी मुस्कान पत्नी उबैद ने ससुराल पक्ष पर मारपीट और घर में प्रवेश न देने का आरोप लगाते हुए थाना बुढ़ाना में तहरीर दी है। मुस्कान के अनुसार उसकी शादी करीब ढाई वर्ष पूर्व उबैद पुत्र शहजाद निवासी सफीपुर पट्टी से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले परेशान करने लगे। जिससे तंग आकर उसने पहले भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। महिला का आरोप है कि बीती शुक्रवार की सुबह पति उबैद, ससुर शहजाद और सास इमराना जहानी उर्फ बबली ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की। जब वह मौखिक रिपोर्ट कराने थाना पहुंची और वापस ससुराल गई तो उक्त लोगों ने मकान का दरवाजा बंद कर लिया और अंदर आने से मना कर दिया। मुस्कान ने 112 पुलिस पर कॉल की मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन दरवाजा नहीं खोला गया। उसने दोबारा थाने पहुंचकर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

# महिलाओं में कौशल एवं संस्कार विकास के अभिनव का प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विद्या भारती का उद्देश्य केवल शैक्षिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में संस्कार, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रभावना का विकास करना भी है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्या भारती द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में संस्कार केन्द्रों एवं कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

इसी क्रम में भागवन्ती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी मुज़फ़्फ़रनगर में भागवन्ती संस्कार केन्द्र के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए पूनम रूहेला जी के मार्गदर्शन में सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जा रहा है। इस केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बहनों को सिलाई, कढ़ाई, वस्त्र निर्माण तथा अन्य व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है,

कोषाध्यक्ष ममता वर्मा ने कहा कि हडिग्री व्यक्ति को अवसर प्रदान कर सकती है, लेकिन कौशल उसे सफलता एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाता है। इसी सोच के साथ संस्कार केन्द्रों के माध्यम से समाज की वंचित एवं अभावग्रस्त बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। विद्या भारती का यह प्रयास 'शिक्षा से संस्कार, संस्कार से समर्थ समाज' की भावना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा इस पहल की सराहना की जा रही है तथा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां इससे लाभान्वित हो रही हैं। आपकी जानकारी में भी कौशल सीखने की इच्छुक बहनें हैं तो कृपया यह जानकारी उन तक पहुँचा कर उनके जीवन को एक दिशा प्रदान करें। समाज को उन्नत बनाने में आपका यह सहयोग सराहनीय होगा।

# घर में घुसकर मारपीट का वीडियो वायरल

## टूटा हाथ, पुलिस पर मिलीभगत का लगाया आरोप

**फुगाना/बुढाना।** फुगाना थाना क्षेत्र के गांव खरड़ में बीती 03 जून की देर रात्रि करीब 10 बजे घर में घुसकर मारपीट की घटना सामने आई है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित नफीस पुत्र नवाब अली के अनुसार वह अपने मित्र वरुण के साथ पोल्ट्री फार्म से लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही दाउद, शोएब और उनके कुछ अन्य साथियों ने रास्ते में उसे घेर लिया और लाठी डंडों से हमला कर दिया। नफीस ने बताया कि जान बचाने के लिए उसने पास के एक घर में शरण ली लेकिन हमलावर वहां भी पहुंच गए और दरवाजा तोड़कर उसके साथ फिर मारपीट की। नफीस का आरोप है कि उसे बचाने आई कविता और उसके पुत्र वरुण को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा। इस मारपीट में नफीस गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक हाथ टूट गया। पूरी वारदात किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली। नफीस का यह भी आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावर उसे अपने साथ ले गए और बाद में फुगाना पुलिस से मिली भगत करते हुए उसका ही चालान करवा दिया। उसने कहा कि उसने मामले की तहरीर दी थी लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा से शिकायत करते हुए वायरल हुए वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच तथा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

नोटिस प्रकाशन सूचना

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

अपील संख्या-सी-202509000000207
अन्तर्गत धारा-207 उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 ग्राम खिडका जुनारदार परगना मु0 बाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर।

राज सिंह **बनाम** मदनपाल आदि

**नोटिस बनाम**

1-मदनपाल पुत्र बाज सिंह 2-दर्वेन्द्र पुत्र शो सिंह 3-दलीप कुमार पुत्र अमर सिंह 4-श्रीमति सरोज देवी पत्नि लक्ष्मी चन्द 5-सुधीर सिंह 6-नीरज पुत्रगण शमशेर 7-श्रीमति शकुंतला पत्नी शमशेर शुभम पुत्र संजीव कुमार, 9-सविता देवी पत्नि संजीव कुमार 10-श्रीमति राखी पत्नि विशाल पुण्डीर 11-मुकेश 12-धूम सिंह पुत्रगण जयपाल 13-सुधीर कुमार 14-कुलदीप कुमार पुत्रगण ओमपाल सिंह 15-श्रीमति ओमवती पत्नि ओमपाल सिंह 16-अमित कुमार 17-रोहित कुमार 18-हिमांशु पुण्डीर पुत्रगण अमर सिंह 19-श्रीमति पुष्पा पत्नि अगर सिंह 20-महेन्द्र सिंह 21-सुरेन्द्र सिंह 22-राजकुमार पुत्रगण मेहर सिंह 23-श्रीमती केला देवी पत्नि मेहर सिंह समस्त निवासीगण ग्राम खिडका जुनारदार परगना मु0बाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर 24-कृष्णा कुमार 25-संजय कुमार पुत्रगण धर्म सिंह 26-विजय पाल सिंह उर्फ मेघश्याम पुत्र राजकुमार 27-वेदपाल 28-जगत सिंह 29-चन्द्रवीर सिंह पुत्रगण सरजीत सिंह समस्त निवासीगण ग्राम टोवा जिला अम्बाला 29-ग्राम सभा/ग्राम पंचायत ग्राम खिडका जुनारदार परगना मु0बाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर। ...........**विपक्षीगण**

प्रस्तुत अपील, अपीलार्थीगण 1-राजीव कुमार 2-मन्जीत कुमार पुत्रगण राज सिंह 3-कमलेश विधवा राज सिंह निवासी ग्राम खिडका जुनारदार परगना मु0बाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर ने न्यायालय उपजिलाधिकारी बेहट के द्वारा वाद संख्या-04873/2022, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202209600204873 धारा-24(4) उ0प्र0 राजस्व सहिता अधिनियम 2006, देवेन्द्र सिंह बनाम राजीव कुमार आदि में पारित आदेश दिनांक 28.08.2023 के विरूद्ध अपील इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है, तथा इस अपील में दिनांक 23.06.2026 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 23.06.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है, तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे। दिनांक:-30.05.2026

आज्ञा से

अपर आयुक्त (प्रशारान) द्वितीय, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री सलोनी मेरे कहने सुनने में नहीं है और इसने अपनी मर्जी से सागर से विवाह कर लिया है अब मेरा व मेरे परिवार का भविष्य में सलोनी से कोई मतलब वास्ता नही रहा है, मैने सलोनी को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर इससे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। सलोनी के किसी भी लेन देन या वाद विवाद के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**शंकर कुमार पुत्र श्री महावीर**
**निवासी- 641 लद्धावाला**
**मिमलाना रोड**
**थाना कोतवाली नगर**
**मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र **नरैण कृष्णा** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या **B202509900021225**, दिनांक 28/12/2025 में गलती से पुत्र का नाम **नारायण कृष्णा (NARAYAN KRISHNA)** व पिता का नाम **DR. ARJUN RAJ (डॉ0 अर्जुन राज)** और माता का नाम **DR. MITALEE (डा0 मिताली)** अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक एवं सभी अभिलेखों में मैंरे पुत्र का नाम **नरैण कृष्णा (NARAIN KRISHNA)** व पिता का नाम **ARJUN RAJ (अर्जुन राज)** और माता का नाम **MITALEE AGARWAL (मिताली अग्रवाल)** है, और भविष्य में भी इन्हीं नाम से जाना जाएगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक :
ARJUN RAJ (अर्जुन राज)
मुजफ्फरनगर।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आरिश व पुत्रवधु मुस्कान पत्नी आरिश निवासीगण ग्राम कढली, थाना व तहसील खतौली, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर मेरे व मेरे परिजनों के कहने सुनने में नहीं है गलत संगत में उठते-बैठते है आरिश व मुस्कान मेरे व मेरे परिजनों के साथ आए दिन गाली-गलौच, दुर्व्यवहार व मारपीट करते रहते है। मुझे व मेरे परिजनों को झुठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते है जिससे मुझे समाज में अपमानित होना पड़ रहा है इसलिए मैने अपने पुत्र आरिश व पुत्रवधु मुस्कान को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। आज के बाद मेरा उनसे कोई वास्ता मतलब नहीं रहेगा। वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**आबिद पुत्र घसीटा**
**निवासी-ग्राम कढली**
**थाना व तहसील खतौली**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैंने माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अमृत इंटर कॉलेज रोहाना जनपद मुजफ्फरनगर के छात्र के रूप में उत्तीर्ण की थी, मेरा अनुक्रमांक 1230523436 था। मेरी मार्कशीट मुजफ्फरनगर से घर आते हुए वास्तव में कहीं खो गई है।

**अमन सैनी**
**पुत्र अरविंद सैनी**
**निवासी-ग्राम दहचंद**
**डाकखाना कुटेसरा**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

में शानू पुत्र नरेश निवासी मौहल्ला खाकरोबान कस्बा बुढ़ाना थाना व तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं। जिसमें हाईस्कूल सन 2010-2011 शारदे धाम इंटर कॉलेज बुढ़ाना रोल नं. 0612293, पॉलिटेक्निक सन 2015-2018 एलटीआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुराली मेरठ इनरोलमेंट नं. P1616238600003 की 3 मार्कशीटें (2015-16, 2016-17, स्पेशल पेपर 2018) बीते 05 अप्रैल 2026 को कस्बा बुढ़ाना में तहसील के समीप बैग से निकलकर कहीं गिर गए। यदि किसी व्यक्ति को ये प्रमाण पत्र मिलें तो कृपया नीचे दिए गए नं. पर संपर्क करें। पाए जाने पर इन्हें अमान्य समझें और दुरुपयोग की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी।

**संपर्क: शानू पुत्र नरेश,**
**मोबाइल: 6397473789**

# अवैध वसूली के खेल से भड़के किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए जमीन का बंधक पत्र पंजीकृत करवाने पहुंचे किसानों ने उप निबंधक कार्यालय और बुढ़ाना तहसील में अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए भारी रोष जताया है। किसानों का कहना है कि बिना अतिरिक्त रकम दिए बंधक विलेख पंजीकृत नहीं हो रहे। भारतीय स्टेट बैंक भौरांकला के रोहतास, रामदिया, देवेंद्र, रामकिशन व बसंत समेत अन्य 4 किसानों के बंधक पत्र महीनों से उप निबंधक कार्यालय में अटके हैं। बैंक प्रबंधक वरुण टंडन के अनुसार बैंक ने सब औपचारिकताएं पूरी कर बंधक विलेख समय पर ऑनलाइन कर दिया था मगर 10 लाख से ऊपर का ;ण लेने वाले इन सब किसानों के दस्तावेजों को स्टांप पुराना बताकर लौटा दिया गया। नियम के मुताबिक 10 लाख से अधिक ऋण पर आधा प्रतिशत स्टांप शुल्क देना होता है और कार्यालय 06 महीने से पुराने स्टांप स्वीकार नहीं कर रहा है। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान व तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने कहा तहसील मुख्यालय में रिश्वतखोरी चरम सीमा पर है और अधिकारी मनमर्जी कर रहे हैं। अब किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाकियू ने चेतावनी दी है अवैध वसूली व अधिकारियों के रवैये के विरुद्ध तहसील पर प्रदर्शन किया जाएगा।

### शेरनगर में कनेक्शन कटने से बकाएदारों में हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में बिजली विभाग की जबरदस्त कार्यवाही सामने आई है। गाँव शेरनगर में बिजली बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है जिसमें 40 उपभोक्ताओं जिनपर क़रीब 7 लाख रुपये बकाया बताए जा रहे हैं उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं। दरअसल क्षेत्र में बिजली बकायेदारों से भुगतान वसूली हेतु आज शनिवार को बिजली विभाग की टीम पहुँची थी। जहां से 4.50 लाख रुपये वसूली भी की। इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) ई. सत्येन्द्र कुमार, ई. राघवेन्द्र सिंह और ई. दिनेश कुमार गुप्ता ने विभागीय अवर अभियंताओं (जेई) व विजिलेंस टीम के साथ मिलकर किया। टीम ने गांव शेरनगर में घर-घर जाकर सघन चेकिंग की, जिसके तहत लंबे समय से बिल जमा न करने वाले लगभग 40 बड़े बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। कार्रवाई के दौरान विभाग ने सख्ती दिखाते हुए करीब 50 उपभोक्ताओं से मौके पर ही लगभग 4.5 लाख रुपये की बकाया राशि भी जमा कराई।

# जलस्तर घटने से किनारों से दूर हुई गंगा, श्रद्धालुओं की संख्या भी घटी

■ जल स्तर बढ़ाने को साधु संतों व समाजसेवियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ में गंगा का जल स्तर घटने से गंगा किनारों से दूर हो गयी है।श्रद्धालुओं को स्नान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, गंगा घाट पर फैली गन्दगी से आती दुर्गन्ध से संक्रमण का खतरा बना हुआ है,साधु संतों व श्रद्धालुओं ने प्रदर्शन कर तीर्थ नगरी में स्वच्छता व जल स्तर बढ़ाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में विकास को लेकर सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद तीर्थ नगरी में



सुंदरता स्वच्छता नाकाफी नजर आती है। गर्मी के दिनों में गंगा का जलस्तर घटने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना है गंगा घाटों पर फैली गन्दगी तथा गंगा का जलस्तर घटने से श्रद्धालुओं की संख्या में भारी कमी आई है। जिससे तीर्थ नगरी की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा आर्थिक नुकसान भी हो रहा है गंगा में मोटरबोट चलाने वाले नाविकों ने श्रद्धालुओं की घाटती संख्या पर चिंता जताई है वहीं श्रद्धालुओं ने घाटों पर स्वच्छता व गंगा में जल स्तर बढ़ाने की मांग सरकार से की है शुकतीर्थ में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर दराज से आकर मां गंगा में स्नान करते हैं तथा मंदिरों में दर्शन कर धर्म लाभ लेते हैं श्रद्धालुओं के आवागमन से पर्यटन का विकास तो होता ही है साथ में अनेक लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं। गंगा का जल स्तर लगातार घटने से श्रद्धालुओं, साधु-संतों और स्थानीय लोगों में गुस्सा दिखाई पड़ा है।

दिल्ली निवासी महिला श्रद्धालु रितिका राघव सोनिया अरोड़ा, जगमोहिनी, गौरव जोशी, पूजा, विशाखा, धैर्य श्रीवास्तव ने बताया कि शुकतीर्थ में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है घाटों पर भारी गंदगी फैली हुई है।वस्त्र परिवर्तनशालाओं से भारी दुर्गंध आ रही है। इधर उधर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।गंगा में पानी बहुत कम है। अस्थियां विसर्जन करने की अलग से कोई व्यवस्था नहीं है तथा महिलाओं के लिए अलग से कोई स्नान घाट भी नहीं है।तेज धूप में प्रसाद वाले बैठे हुए हैं।शुक्रताल में उत्तराखंड के तीर्थो जैसी व्यवस्था होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा नेता ने छात्रा अदीबा को 96 प्रतिशत अंक आने पर दी मुबारकबाद

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला नई बस्ती के निवासी इनाम मेहर कुरैशी की होनहार बेटी और मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना की होनहार छात्रा अदीबा मेहर कुरैशी ने विगत दिवस सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया था। अदीबा की इस शानदार सफलता की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में भी खुशी की लहर दौड़ गई थी। लोगों ने मेहर परिवार को बधाई देते हुए कहा कि अदीबा ने मेहनत और लगन से यह साबित किया है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। शनिवार के दिन अदीबा के परिवार से मिलने पहुंचे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुंवर शोएब राणा ने छात्रा अदीबा के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि बुढ़ाना की इस बेटी की कामयाबी अन्य छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भागवंत बीआईटी में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता

**मीरापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भागवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्ूशंस में साहित्य क्लब द्वारा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बेकार वस्तुओं के पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अनुपयोगी वस्तुओं से आकर्षक एवं उपयोगी कलाकृतियां तैयार कर अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा, जनरल मैनेजर दुष्यंत, डिप्टी रजिस्ट्रार आदित्य शर्मा तथा नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ. विजया डी. मौजूद रहीं।

अतिथियों ने विद्यार्थियों की कलाकृतियों का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता का मूल्यांकन सीएस विभाग की डॉ. शीतल राजपूत एवं सुश्री मीनाक्षी ने किया। कड़े मुक. ाबले में श्री जतिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लकी ब्श्विकर्मा दूसरे स्थान पर रहे। गीतांशी कुमारी एवं काजल कुशवाहा ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन साहित्य क्लब की समन्वयक सुश्री उर्वशी एवं सुश्री प्रतिभा चौहान ने किया। समापन पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग को जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई गई। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश देने में सफल रही।

### अपर जिलाधिकारी वित्त ने सुनी समस्याएं समाधान दिवस में आई 35 शिकायत

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना परिसर में शनिवार के दिन आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी वित्त अनिरुद्ध प्रताप सिंह और उप जिला अधिकारी बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनी। बुढाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से कुल 05 शिकायतों का ही मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 28 शिकायतें संबंधित विभागों को भेजकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस मे भाजपा नेता आदेश त्यागी ने बुढ़ाना में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे का मुद्दा उठाते हुए अपर जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा।

आदेश त्यागी ने शिकायत में कहा कि कस्बा बुढ़ाना के खसरा संख्या 2777 की सरकारी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रार्थना पत्र में त्यागी ने एडीएम से मांग की है कि सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। तहसील प्रशासन ने शिकायत को निस्तारण के लिए एक सप्ताह के भीतर चिह्नित किया है। इस दौरान नायब तहसीलदार अमन कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# चंद्रशेखर आजाद ने महिलाओं को दिया भरोसा

■ 300 यूनिट बिजली व 12वीं तक शिक्षा होगी फ्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद रावण ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुर पटी पुलपार रोड पर स्थित ग्रीन पब्लिक स्कूल में आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर कई बड़े बडे वादे कर डाले। चंद्रशेखर आजाद रावण



अपनी सत्ता परिवर्तन यात्रा के तहत बीती 04 जून से मैदान में हैं। बीती शुक्रवार के दिन वह समीपवर्ती जनपद शामली में एक स्थान पर एक कार्यक्रम करने के बाद बुढ़ाना कस्बे में पहुंचे और ग्रीन पब्लिक स्कूल में एक रात विश्राम किया और शनिवार को उन्होंने महिला दिवस पर जुटी सैकड़ों महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा यदि इस बार यूपी में आसपा की सरकार बन जाती है तो उनकी सरकार के द्वारा सभी महिलाओं और आम परिवारों को राहत देने के लिए 300 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी और साथ ही 12वीं कक्षा तक शिक्षा पूरी तरह से मुफ्त की जाएगी। रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाएंगे ताकि हमारी बेटियां भी आत्मनिर्भर बन सकें। चंद्रशेखर आजाद ने महिलाओं से यह भी अपील की कि वे बदलाव की इस यात्रा में भागीदार जरुर बनें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं और उनके वादों पर सब महिलाओं ने कई बार जोरदार तालियां भी बजाई। यहां अफजाल उर्फ विक्की और सुनील के अलावा सैंकड़ों महिलाएं भी उपस्थित रही।

# बुढ़ाना नगर पंचायत की वोटर लिस्ट में 6080 फर्जी वोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की मतदाता सूची में 06 हजार 80 फर्जी वोट शामिल होने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता एहतशाम सिद्दीकी ने उत्तर प्रदेश राज्य चुनाव आयुक्त नगरीय निकाय को पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई है। एहतशाम सिद्दीकी के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जारी कस्बा बुढ़ाना की मतदाता सूची में कुल 26 हजार 854 मतदाता सही पाए गए हैं और इसी सूची से विधानसभा चुनाव में मतदान होता है लेकिन नगर पंचायत बुढ़ाना की नगरीय निकाय मतदाता सूची में 32 हजार 940 मतदाता दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि दोनों सूचियों के अंतर से स्पष्ट है कि नगर पंचायत की सूची में पूरे 06 हजार 80 वोट अतिरिक्त हैं। आरोप है कि ये वोट आसपास के गांवों से प्रभावशाली लोगों के द्वारा बनवाए गए हैं और चेयरमैनी के चुनाव में इनका दुरुपयोग किया जाता है। एहतशाम सिद्दीकी ने कहा कि एसआईआर के बाद 26 हजार 854 ही सही मतदाता संख्या है इसलिए चेयरमैनी के चुनाव की सूची में भी इतनी ही संख्या होनी चाहिए। अतिरिक्त 06 हजार 80 वोटों को हटवाने के लिए अब उनका यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने दावा किया कि यह आंकड़े उनके द्वारा सरकारी कार्यालयों से जुटाए गए हैं।

# बुढ़ाना में चाप से निकला कॉकरोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में स्थित कुछ फास्ट फूड और पिज्जा सेंटरों में उपभोक्ता को परोसे जा रहे खाद्य पदार्थों में गंदगी मिलने का एक मामला सामने आया है। एक उपभोक्ता के अनुसार तहसील बुढ़ाना के मेनघ् गेट के सामने स्थित एक पिज्जा हाउस से खरीदी गई उनकी चाप में एक कॉकरोच निकला है। पीड़ित उपभोक्ता ने इसकी शिकायत तुरंत सेंटर के संचालक से की तो उपभोक्ता का सेंटर के संचालक का कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि फूड विभाग द्वारा होटल और फूड सेंटर संचालकों को समय समय पर चौकिंग के दौरान साफ सफाई को लेकर लगातार हिदायतें दी जाती रही हैं लेकिन इसके बावजूद भी सेंटर के दबंग संचालकों के द्वारा जबरदस्त लापरवाही ही बरती जा रही है। वैसे यह कोई नई घटना नहीं है क्योंकि इससे पहले भी कस्बा बुढाना के सेंटरों से लाई गयी खाद्य सामग्री के सेवन से फूड पॉइजनिंग की घटनाएं हो चुकी हैं। अब ऐसे में कुछ उपभोक्ताओं ने फूड सुरक्षा विभाग से मांग की है कि बुढ़ाना के समस्त फूड आउटलेट्स की तत्काल जांच की जाए और मानकों का उल्लंघन करने वाले सेंटर के संचालकों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो ताकि



कोई भी बड़ी अनहोनी ना हो सके। कुल मिलाकर चाप से कॉकरोच निकलने का यह मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# श्रव्य माध्यम निभा रहे अहम भूमिका: डॉ. अंकिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** आधुनिक डिजिटल युग में महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने में दृश्य-श्रव्य माध्यम सबसे प्रभावी साधन बनकर उभरे हैं। यह विचार राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांधला की सहायक प्राध्यापिका एवं गृह विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. अंकिता त्यागी ने व्यक्त किए। शुक्रवार को श्री कुन्द-कुन्द जैन पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा ष्दृश्य-श्रव्य साधनों के माध्यम से महिलाओं में जागरूकता' विषय पर आयोजित एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए



उन्होंने कहा कि सिनेमा, लघु फिल्में, वृत्तचित्र, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया आज समाज परिवर्तन के सशक्त माध्यम बन चुके हैं। इन माध्यमों के जरिए कम समय में बड़ी संख्या में लोगों तक प्रभावी संदेश पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने में दृश्य-श्रव्य सामग्री महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कई सफल सामाजिक अभियानों ने यह साबित किया है कि एक प्रभावशाली वीडियो या फिल्म लोगों की सोच बदलने और सामा. जिक चेतना विकसित करने की क्षमता रखती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविन्द राणा ने कहा कि युवाओं को आधुनिक संचार तकनीकों का सकारात्मक उपयोग करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों और रूढ़िवादी सोच को समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने महिला सशक्तीकरण को सामाजिक विकास की आधारशिला बताते हुए छात्राओं को जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। व्याख्यान के पश्चात आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं ने मीडिया की भूमिका, सोशल मीडिया के प्रभाव और महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा विस्तार से उत्तर दिया गया।

# रायपुर नंगली बाईपास पुल पर रोशनी की मांग को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रायपुर नंगली बाईपास पुल पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था न होने से क्षेत्र में व्याप्त अंधेरे के विरोध में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन ने धरना-प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने पुल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने को आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर समस्या बताते हुए प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की।

धरने के उपरांत भाकियू का एक प्रतिनिधिमंडल संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचा और एसडीएम खतौली ललित मिश्रा तथा सीओ खतौली रुपाली राव को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया।



प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाकियू के एनसीआर महामंत्री सचिन चौधरी ने किया।

सचिन चौधरी ने बताया कि रायपुर नंगली बाईपास पुल पर रात के समय घना अंधेरा छाया रहता है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। भाकियू नेताओं ने मांग की कि पुल पर शीघ्र स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों एवं यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। एसडीएम ललित मिश्रा और सीओ रुपाली राव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभाग के समक्ष रखा जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने जनसु. विधाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर सचिन चौधरी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसानों, मजदूरों और आम जनता की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करती रही है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन जनहित में आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगा। धरना-प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज पहलवान, ब्लॉक अध्यक्ष सतेंद्र सिंह चौहान, तहसील अध्यक्ष ललित त्यागी, आशुतोष प्रधान, रवि बालियान, प्रवीण चौधरी, नितिन रामपुर, कुल. बीर, मांगेराम, संजीव, सुनील, असगर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाकियू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत ने जनता को दी 50 लाख की सौगात

## चेयरमैन पुरकाजी ने फीता काटकर किया उदघाटन

**पुरकाजी।** पिछले कई सालों से पुरकाजी कस्बे की जनता मौहल्ला खेड़ा दरवाजा से हाइवे बाईपास पर सर्विस लेन की मांग कर रही थी इसी मार्ग पर पुरकाजी की दो मंजिला सरक. ारी गौशाला भी मौजूद है गौशाला में चारा भूसा व अन्य सामान लाने तथा कस्बे के लोगों को इस कच्चे बाईपास मार्ग से जाने में बहुत परेशानी उठानी पड़ती थी चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी अपनी पिछली योजना से ही इस मार्ग को बनवाने के लिए स्वयं भी तथा जिले के अधिकारियों के माध्यम से एनएचएआई के अधिकारियों से पत्राचार कर रहे थे एनएच अधिकारियों द्वारा एनओसी दिए जाने के उपरांत ये सर्विस लेन सड़क केंद्र सरकार द्वारा दिए गए धन से बनाई गई है चेयरमैन पुरकाजी द्वारा 15 वे वित्त आयोग की जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता वाली जिला कमेटी में इस सड़क प्रस्ताव को रखा गया प्रस्ताव पारित होने के बाद केंद्रीय सरकार द्वारा जारी धन से करीब 50 लाख रुपए कीमत की



सर्विस लेन सड़क बनाई गई चेयरमैन पुरकाजी ने फीता काटकर आज सड़क का उद्घाटन किया पुरकाजी के सम्मानित सभासदगण और भाजपा व्यापारी नेता इसके उद्घाटन में मौजूद रहे पुरकाजी कस्बे के लिए ये सड़क बड़ी सौगात है इस मौके पर निर्दोष जैन, शाहलम गौड सभासद, संदीप गोयल, निसार मेंबर, विकसित मेंबर, इस्तखार उर्फ लाल्ला मेंबर, नदीम मेंबर, हाजी रईस, अफजाल गौड भूरे खान, गुलजार खान आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसएसपी ने समाधान दिवस में सुनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएम व एसएसपी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन समस्याओं को सुना। उन्होने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। शनिवार को आयोजित सदर तहसील में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा ने जन समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान दिवस में मोजूद संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को शिकायत के निस्तारण के आदेश दिए। उन्होने समाधान दिवस में आए शिकायतों का मौके पर जाकर समय से और निष्पक्ष कार्यवाही के आदेश दिए। उन्होने महिला संबंधित अपराध की प्राथमिकता के आधार पर जांच करने के आदेश दिए। इसी के चलते उन्होने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारीगण व शिकायत कर्ता को साइबर अपराध व साइबर ठगी के संबंध में जागरूक किया ओर इसमें उन्होने साइबर अपराध से बचने के लिए विस्तार से जानक. ारी दी।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# समाज एकजुट न हुआ तो पीढ़ियों को भुगतना होगा अंजामः चंद्रशेखर आजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने शनिवार को शामली में आयोजित सत्ता परिवर्तन यात्रा के दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के एजेंडे में केवल हिंदू-मुस्लिम मुद्दे ही प्रमुख हैं और जनता को आपस में बांटने का काम किया जा रहा है।



लिलौन खेड़ी स्थित एक विवाह मंडप में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि यदि समाज समय रहते एकजुट नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से एकता बनाए रखने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि देश का युवा बेरा. जगारी से परेशान है, किसान अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने से संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार इन वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाकर लोगों को धर्म के नाम पर बांट रही है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आजाद समाज पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरी मजबूती से मैदान में उतरेगी और सरकार बनने पर जनता से किए गए सभी वादों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार के एक वर्ष के काम की तुलना भी मौजूदा सरकार नहीं कर पाएगी। सभा के दौरान उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई, महंगाई, बिजली संकट और स्मार्ट मीटर जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है, जबकि बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने पर बुलडोजर राजनीति पर रोक लगाई जाएगी तथा गरीबों को 150 गज के प्लॉट निशुल्क दिए जाएंगे। साथ ही न्यूनतम मजदूरी 750 रुपये प्रतिदिन करने की भी बात कही। उन्होंने मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि विकास के लिए हनगीना मॉडलह को अपनाने की जरूरत है। सभा के बाद सत्ता परिवर्तन यात्रा लिलौन से शुरू होकर शहर के अजंता चौक तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

## थानाभवन पहुंचे सांसद चंद्रशेखर आजाद, शोक संतृप्त सांत्वना

**थानाभवन।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद शनिवार शाम थानाभवन पहुंचे। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य राजकुमार सैनी के आवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

सांसद चंद्रशेखर आजाद मेला ग्राउंड स्थित आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने स्वर्गीय राजपाल सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं साहस बनाए रखने का संदेश दिया। गौरतलब है कि राजकुमार सैनी के पिता राजपाल सैनी का 18 मई को आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, राजनी. तिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग लगातार परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। सांसद चंद्रशेखर आजाद के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कुछ समय के लिए संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बालकराम बोध, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह, राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र भाटी, नवाजिश आलम, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मौसम राव, जोन प्रभारी गौहर इकबाल, राजकुमार सैनी, पूर्व सभासद जॉनी सैनी, विनोद सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गौरीनाथ की साधना पूर्ण होने पर हवन-यज्ञ व विशाल भंडारा

**चौसाना।** आध्यात्मिक साधना और खढ़ संकल्प का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए क्षेत्र के गांव शामला स्थित गोगामेड़ी परिसर में 20 वर्षीय सीता उर्फ गौरीनाथ की 21 दिवसीय तपस्या पूर्ण हो गई। तपस्या की पूर्णाहुति पर शनिवार को हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके बाद विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम में आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा।

ऊन निवासी सीता उर्फ गौरीनाथ पिछले 21 दिनों से प्रतिदिन दोपहर एक बजे से तीन बजे तक नौ धूनों के मध्य बैठकर कठिन साधना कर रही थीं। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद उन्होंने अपने संकल्प को नहीं छोड़ा। साधना अवधि के दौरान वह भगवान की पूजा-अर्चना, ध्यान और भक्ति में लीन रहीं। उनकी तपस्या को देखने और आशीर्वाद लेने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2023 में इंटरमीडिएट की परीक्षा 75 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करने के बाद सीता ने बीकॉम में प्रवेश लिया था। पढ़ाई के दौरान उनका झुकाव अध्यात्म की ओर बढ़ा और उन्होंने सांसारिक जीवन से अलग साधना का मार्ग चुन लिया। इसके बाद वह अपने गुरु संजय उपाध्याय के सान्निध्य में पहुंचीं और धार्मिक एवं आध्यात्मिक गति. विधियों में सक्रिय हो गईं। परिजनों के अनुसार गौरीनाथ के माता-पिता का निधन हो चुका है। उनके बड़े भाई अर्जुन और परिवार के अन्य सदस्य लगातार उनका सहयोग कर रहे हैं। तपस्या पूर्ण होने पर आयोजित हवन-यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। गोगा जी मेला प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि तपस्या की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उग्रसेन, विपिन, जोगि. ंदर, नीरज, सरवन, रामू, दीपक, मनोज, विकास, कपिल, रामकुमार, ओम सिंह, बिल्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## हर पात्र तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पूर्व सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चौसाना स्थित पंचायत सचिवालय में जनजागरूकता शि. विर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर के दौरान पंचायत सचिव राहुल कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के पंजीकरण, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। कार्यक्रम में शौचालय विहीन परिवारों को चिन्हित कर उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण योजना की जानकारी दी गई।

## चौसाना में बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मचाया कहर, बाइकें रौंदीं और तीन दुकानों में घुसी

**चौसाना।** थाना भवन बस स्टैंड के निकट शुक्रवार रात एक बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जमकर तबाही मचा दी। तेज रफ्तार वाहन ने पहले दो बाइकों को रौंद दिया और उसके बाद अनियंत्रित होकर तीन दुकानों में जा घुसा। हादसे में करीब ढाई लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

मुख्य बाजार में स्थित राजवीर की बाइक रिपेयरिंग दुकान के बाहर यह घटना हुई। बताया गया कि रात करीब पौने दस बजे एक बाइक को ठीक करने के लिए दुकान पर काम चल रहा था, इसी दौरान शुगर मिल ऊन से लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार और गलत साइड में होने के कारण बेकाबू हो गई और दुकान के बाहर खड़ी दो बाइकों को टक्कर मारते हुए उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह एक दुकान को नुकसान पहुंचाने के बाद आगे बढ़ते हुए दो अन्य दुकानों में भी जा घुसी, जिससे भारी नुकसान हुआ। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को हिरासत में ले लिया। वाहन को भी कब्जे में ले लिया गया है। पीड़ित दुक. ानदार राजवीर ने अन्य व्यापारियों के साथ मिलकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास किए जा रहे हैं, यदि समझौता नहीं होता है तो मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बुटराडा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाबरी।** थाना क्षेत्र के गांव बुटराडा में शुक्रवार रात शरारती तत्वों द्वारा संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह घटना की जानक. ारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।



जानकारी के अनुसार, गांव के बाहरी छोर पर ग्राम पंचायत भूमि पर स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की दाहिने हाथ की एक अंगुली तोड़ दी गई, जिससे प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह जैसे ही ग्रामीणों ने प्रतिमा को खंडित अवस्था में देखा, बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और घटना पर कड़ा विरोध जताया। घटना की सूचना पर बाबरी थाना प्रभारी राहुल सिसौदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि दो दिन के भीतर नई प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। फिलहाल पुलिस ने क्षतिग्रस्त प्रतिमा को सुरक्षा की खष्टि से पॉलीथिन से ढकवा दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी पक्ष द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों की शीघ्र पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की हैं।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण में प्रदेश में दूसरे स्थान पर जनपद शामली

**शामली।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण अर्थात मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में जनपद शामली ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 95.74 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रथम चरण का यह कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संचालित किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षित प्रगणक अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों (एचएलबी) में घर-घर जाकर मकानों की नंबरिंग एवं विस्तृत विवरण संकलित कर रहे हैं। जनपद में कुल 2369 मकान सूचीकरण ब्लॉक (एचएलबी) का गठन किया गया था, जिनमें से 2268 एचएलबी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य को भी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी आलोक यादव, जो प्रमुख जनगणना अधिकारी भी हैं, द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि सर्वेक्षण कार्य में किसी भी मकान का छूटना या दोहराव न हो तथा कार्य पूर्णतः गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जाए। जिलाधिकारी स्वयं कार्य की प्रगति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्धवि/रात्र्ह सत्येंद्र सिंह द्वारा समय-समय पर समीक्षा बैठक कर कार्य की प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है। जनपद में कुल 13 चार्ज हैं, जिनमें 3 ग्रामीण और 10 शहरी चार्ज शामिल हैं। इनमें से 6 नगर पंचायतोंकृगढ़ीपुख्ता, जलालाबाद, थानाभवन, एलम, झिंझाना एवं बनतकृने 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। समय से कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को संबंधित तहसीलों ऊन, कैराना एवं शामली में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी आलोक यादव ने सभी टीमों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्य की सराहना की।

## जनसमस्याओं का पारदर्शी समाधान हो सुनिश्चितःडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में किया गया। तहसील कैराना में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आलोक यादव ने की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने




चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

कैराना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को पुलिस संबंधी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसडीएम शिवाजी यादव, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं तहसील शामली में मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 42 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अलावा तहसील ऊन में अपर जिलाधिक. ारी (वि./रा.) सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि अन्य शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान एसडीएम विनय प्रताप सिंह भदौरिया, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में हुआ पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत गुरुवार को करनाल रोड स्थित चौधरी सर्विस सेंटर (एचपी पेट्रोल पंप) पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) अंकुर यादव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (एआरओ) नरेंद्र सुंद. रियाल, सप्लाई इंस्पेक्टर मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## जयंत चौधरी के प्रयासों से काबडौत को मिली केन्द्रीय विद्यालय की सौगातःप्रसन्न चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। 10 जून को गांव काबडौत में रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी लगातार जनसंपर्क कर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में पहुंचने की अपील कर रहे हैं।

शुक्रवार रात शहर के मौहल्ला श्रीपाल विहार में आयोजित बैठक में चौ. चंद्रवीर सिंह निर्वाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ, जिसमें सदर विधायक प्रसन्न चौधरी का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। बैठक में क्षेत्रीय विकास और आगामी जनसभा को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के प्रयासों से ही काबडौत में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी ने अपने कार्यकाल में पांच केन्द्रीय विद्यालयों को मंजूरी दिलाई, जिनमें से एक शामली जनपद को मिला है। उन्होंने बताया कि काबडौत के केन्द्रीय विद्यालय के लिए जयंत चौधरी द्वारा अपनी निधि से 40 लाख रुपये भी प्रदान किए गए हैं। विधायक ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से किसान, मजदूर और नौकरीपेशा वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था मजबूत है और आज बहन-बेटियां सुरक्षित माहौल में जीवन व्यतीत कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। प्रसन्न चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं तथा धार्मिक स्थलों का भी सौंदर्यकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है और सभी वर्गों के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से 10 जून को काबडौत में आयोजित जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहु. चने की अपील की। इस अवसर पर वीरसिंह मलिक, संदीप सरो. हा, सुशील विश्वकर्मा, ओमपाल प्रजापत, रमेशचंद फौजी, महेश शर्मा, ओमपाल एडवोकेट, जयपाल, सुशील प्रजापति, चौ. अजीत निर्वाल, अनिरुद्ध निर्वाल, अनिल बाबू, चौ. सुखबीर सिंह, कन्हैया सैनी आदि मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों एवं साइबर अपराध की दी जानकारी

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस-5.2 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थानाभवन पुलिस द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान मिशन शक्ति पुलिस टीम की महिला हेड कांस्टेबल पूनम और कांस्टेबल मोनिका ने महिलाओं एवं बालिकाओं को नए आपरा. धिक कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना तथा महिलाओं को बेहतर सुरक्षा और अधिकार प्रदान करना है। पुलिस टीम ने साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध और महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा और सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने पुलिस टीम से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

# बलात्कार के आरोपी पर कार्रवाई न होने से आहत हुई पीड़िता

### एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने पुलिस पर समझौते का दबाव बनाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** उत्तर प्रदेश के शामली जनपद से खाकी को कटघरे में खड़ा करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। थानाभवन क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर की एक महिला ने पुलिस पर आरोपी को बचाने और जबरन समझौते का दबाव बनाने का संगीन आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक द्धएसपीत्र्ह शामली से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता द्वारा एसपी कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, बीती 3 जून की रात करीब 11 बजे गांव का ही निवासी शाहिद नाम का युवक उसके घर में घुस आया। आरोप है कि उसने चाकू की नोक पर महिला के साथ बलात्कार किया। इसी दौरान पीड़िता का ट्रक चालक पति अचानक घर पहुंच गया और उसने आरोपी शाहिद को रंगे हाथों दबोच लिया। पीड़ित दंपत्ति ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में श्कहानीश बदलने का आरोपपीड़िता का आरोप है कि आरोपी को पकड़वाने के बाद न्याय मिलने के बजाय मामले को दबाने का खेल शुरू हो गया। कादरगढ़ पुलिस चौकी पर गांव के कुछ रसूखदार लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में उसके पति पर भारी दबाव बनाया। आरोप है कि वहां एक कथित वीडियो बनवाया गया, जिसमें बलात्कार जैसी गंभीर वारदात को छुपाकर यह दर्शाया गया कि आरोपी रात के समय सिर्फ श्पानी मांगनेश के लिए घर में घुसा था। पीड़िता का कहना है कि आरोपी को बचाने के लिए पूरी कहानी बदल दी गई।

पीड़िता का बयान जिस व्यक्ति ने मेरी अस्मत लूटी, उसे बचाने के लिए पुलिस की शह पर पूरा मामला रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है। घटना के तीन दिन बाद भी थानाभवन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### जांच के घेरे में खाकी, अधिकारी बोले-होगी कार्रवाई

इंसाफ न मिलता देख पीड़िता ने अपने पति के साथ एसपी दफ्तर पहुंचकर निष्पक्ष जांच और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी का मामला अचानक (पानी मांगने) में कैसे तब्दील हो गया?

### एएसपी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

इस पूरे प्रकरण पर अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शामली, सुमित शुक्ला ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उचित जांच कराई जा रही है, जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## गंदे पानी की निकासी से फसल बर्बाद होने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम जैनपुर उर्फ छतैला निवासी बिजेंद्र सिंह पुत्र जगदीश प्रसाद ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम कबीरपुर अहतमाल स्थित उसकी करीब 17 बीघा कृषि भूमि है। आरोप है कि गांव के ही दो व्यक्ति लंबे समय से अपने घरों का गंदा पानी उसकी जमीन में छोड़ रहे हैं, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। किसान के अनुसार खेत में लगातार पानी भरने के कारण प्रत्येक फसल चक्र में करीब तीन बीघा भूमि की फसल खराब हो जाती है। इसके अलावा आरोपित खेत में कूड़ा-करकट भी डालते हैं, जिससे खेती के कार्यों में परेशानी होती है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने इस पर आपत्ति जताई तो संबंधित लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उसे और उसके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी गई। किसान ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कृषि भूमि में हो रही अवैध जल निकासी को तत्काल बंद कराने, फसल नुकसान का आकलन कराने तथा कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम जमाल (JAMAL) था। अब मैंने अपना सही नाम जमाल अहमद सिद्दीकी (JAMAL AHMAD SIDDIQUI) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे जमाल अहमद सिद्दीकी (JAMAL AHMAD SIDDIQUI) के नाम से जाना व पुकारा जाए।

**जमाल अहमद सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद उमर** निवासी मकान संख्या-132, खैलकलां-3, कस्बा व थाना कैराना, जनपद शामली।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# एसडीएम सदर के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**▢ अधिवक्ताओं ने न्यायालय बहिष्कार का किया ऐलान।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शनिवार को तहसील परिसर में एकत्र होकर एसडीएम सदर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम सदर एवं एसओसी न्यायालय की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताते हुए न्यायालय के बहिष्कार की घोषणा कर दी।

विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विज.ेंद्र सिंह और महासचिव सत्येंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि एसडीएम सदर एवं एसओसी निधि भारद्वाज द्वारा अधिवक्ताओं के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिससे अधिवक्ता समुदाय में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायालय में अधिवक्ताओं को अपेक्षित सम्मान नहीं मिल रहा है, जिसके चलते बार एसोसिएशन को यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। अधिवक्ताओं ने इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के बाद सर्वसम्मति से एसडीएम सदर न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय लिया। बार एसोसिएशन पदाधिक.ारियों के अनुसार निर्णय के तहत कोई भी अधिवक्ता एसडीएम सदर न्यायालय में किसी प्रकार का न्यायिक कार्य नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं किया जाता, तब तक यह बहिष्कार जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करने तथा एसडीएम सदर के स्थानांतरण की मांग भी उठाई। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए न्यायिक कार्यों में सम्मानजनक व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर एडवोकेट सतेंद्र कुमार, दिलशाद एडवोकेट, ओमपाल सिंह, कृष्णपाल दत्त शर्मा, रवि कुमार, प्रताप सिंह राठौर, प्रदीप पंवार, मुकेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## बस से बैटरी चोरी, दूसरी बस का लॉक तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में सतनाम पैलेस के पास खड़ी एक बस से अज्ञात चोरों ने बैटरी चोरी कर ली, जबकि पास खड़ी दूसरी बस का लॉक तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह बस संचालक को लगी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस चौकी चौसाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पलठेड़ी निवासी उस्मान पुत्र सालिम, जो मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा में ड्राइवर हैं, ने बताया कि शुक्रवार रात उन्होंने अपनी बस चौसाना से थाना भवन रोड मार्ग पर सतनाम पैलेस के पास खड़ी की थी। बस के बराबर में एक अन्य बस भी खड़ी थी। रात के दौरान अज्ञात चोर उनकी बस से बैटरी चोरी कर ले गए और दूसरी बस का लॉक तोड़कर बैटरी चुराने का प्रयास किया। शनिवार सुबह जब उस्मान बस के पास पहुंचे, तो उन्होंने बैटरी गायब पाई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग जमा हो गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस घटना से इलाके में बस संचालकों में चिंता का माहौल है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी असामान्य घटना की तुरंत सूचना दे।

## एक नजर

### नालियों की बदहाली से गोगवान में जलभराव, ग्रामीणों ने समाधान दिवस में उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** संपूर्ण समाधान दिवस में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ग्राम पंचायत गोगवान इकाई के पदाधिकारियों ने प्रार्थना पत्र सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गांव के मुख्य मार्ग पर बनी कच्ची और पक्की नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं कराई गई है। इसके अलावा कई स्थानों पर नालियां टूटी हुई हैं तथा उनका ढलान भी सही नहीं है, जिससे पानी की निकासी बाधित रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर स्थायी जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का मौसम शुरू होते ही स्थिति और गंभीर हो जाती है। भाकियू (टिकैत) की ग्राम पंचायत गोगवान इकाई के उपाध्यक्ष चौधरी आमिर अली ने कहा कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है और इसका स्थायी समाधान कराया जाना जरूरी है। उधर, अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

### झूठी शिकायत करने वाले के खिलाफ ग्रामीणों ने सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव गंदेवड़ा के ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव का एक व्यक्ति आए दिन विभिन्न विभागों और अधिकारियों को ग्रामीणों के खिलाफ शिकायतें भेजता रहता है। उनका कहना है कि शिकायतें आधारहीन और झूठी होती हैं, जिनके कारण ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति लोगों पर दबाव बनाकर धनराशि की मांग करता है और रकम न देने पर लगातार शिकायतें करने की धमकी देता है। शिकायतकर्ताओं का यह भी कहना है कि उक्त व्यक्ति स्वयं को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताकर लोगों को भयभीत करता है और गांव का माहौल खराब कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ भी बार-बार शिकायतें की जा रही हैं, जिससे वे मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराने व कार्रवाई की मांग की।

### भूमि की मेढ़ और पेड़ काटने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम पांवटीकला निवासी नाथीराम पुत्र रूपचंद ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी कृषि भूमि खसरा संख्या 277, रकबा 0.2700 हेक्टेयर गांव में स्थित है। आरोप है कि पड़ोसी पक्ष के कुछ लोग उनकी भूमि की मेड़ को नुकसान पहुंच.ाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

नाथीराम का कहना है कि आरोपियों द्वारा पहले भी उनकी भूमि पर खड़े कई पेड़ काट दिए गए थे। इस संबंध में उन्होंने थाना पुलिस और तहसील दिवस में शिकायत भी की थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब आरोपियों ने खेत की मेड़ के समीप सीमेंट के पिलर लगाकर भूमि पर कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दी है। किसान ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध रूप से लगाए गए पिलरों को हटवाने, भूमि की पैमाइश कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### दुकान पर कब्जा करने और किराया न देने का आरोप, वृद्धा ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी 75 वर्षीय वृद्ध महिला ने एक व्यक्ति पर उनकी दुकान पर कब्जा जमाए रखने और लंबे समय से किराया न देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। महिला द्वारा एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि उनकी दुकान पर एक व्यक्ति काफी समय से काबिज है। कई बार कहने के बावजूद वह न तो दुकान खाली कर रहा है और न ही बकाया किराया अदा कर रहा है। इससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दुकान को खाली कराने और बकाया किराया दिलाने की मांग की है।

# डीएम ने रामड़ा गौ आश्रय स्थल को जांचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जिलाधिकारी आलोक यादव ने शनिवार को ग्राम रामड़ा स्थित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों के लिए उपलब्ध चारा, पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं तथा साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उनके समुचित भरण-पोषण और देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला परिसर की स्वच्छता व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया तथा इसे लगातार बनाए रखने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि गौ आश्रय स्थल में वर्तमान में 59 गौवंश संरक्षित हैं और सभी स्वस्थ पाए गए। निरीक्षण के दौरान हीट वेव को देखते हुए ग्राम प्रधान द्वारा किए गए प्रबंधों की भी समीक्षा की गई। गौवंशों को गर्मी से राहत देने के लिए पंखों और फॉगिंग की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने इन व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान के प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरान आश्रय स्थल की बाउंड्री वॉल और अतिरिक्त शेड निर्माण की आवश्यकता भी अधिकारियों के समक्ष रखी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं गौवंशों को हरा चारा और गुड़ खिलाया।

इसके उपरांत उन्होंने आश्रय स्थल परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर एसडीएम कैराना शिवाजी यादव, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद कुमार, संबंधित खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान तथा विभिन्न विभागों के अधिक.ारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेहरू मार्केट में सीसी नाली निर्माण प्रस्ताव निरस्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट पहुंचे दुकानदारों ने डीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि नेहरू मार्केट का एक मार्ग कोतवाली की ओर से आता है, जहां निशांत गारमेंट से शिवम हैंडलूम व वैभव शूज से राघव सूट तक लगभग 12 दुकानों के नीचे सीसी नाली बनाने का नगर पालिका द्वारा प्रस्ताव पास किया गया है।

दुकानदारों का कहना है कि इस मार्केट में सभी दुकानें लगभग साढ़े तीन से चार फीट ऊंची बनी हुई हैं, जिससे बरसात के दौरान पानी भरने की समस्या उत्पन्न नहीं होती। उनका कहना है कि मौजूदा नाली व्यवस्था पूरी तरह से कार्यशील है और पानी की निकासी में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। दुकानदारों ने डीएम से मांग की कि नगर पालिका के इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए, ताकि सरकारी धन का अनावश्यक व्यय न हो। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि यदि भविष्य में नाली निर्माण कार्य किया जाए तो पूरे नेहरू मार्केट का एक साथ समग्र प्रस्ताव तैयार कर कार्य कराया जाए। इस अवसर पर पवन कुमार, सरबीर मलिक, आशीष, अमित, राजीव कुमार, ईश्वरपाल, संजय जैन, राज. कुमार सहित अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।

## नोडल अधिकारी ने नवीन मंडी गौशाला का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर की नवीन मंडी स्थित गौशाला का शनिवार को मेरठ मंडल के संयुक्त निद.ेशक (जेडी) एवं नोडल अधिक.ारी कुलदीप सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने गौशाला में स्थापित चारा काटने वाली मशीन का अवलोकन किया और हरा चारा तैयार कर रहे कर्मचारियों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चारे की गुणवत्ता और उपलब्धता की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर संचालक दिनेश कुमार, दीपेंद्र सिंह, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में सीएमएस डा. किशोर आहुजा को दी गई भावभीनी विदाई

**शामली।** जिला अस्पताल के मीटिंग हॉल में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन कर हापुड़ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) पद पर स्थानांतरित हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. किशोर आहुजा सहित कई चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

कार्यक्रम में डॉ. किशोर आहुजा के अलावा ऑर्थो सर्जन डॉ. जाहिद अली त्यागी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नेहा शर्मा, आशु लिपिक सुरेश कुमार तथा नर्सिंग अधिकारी रूबी, हितेश शर्मा और आकांक्षा चौहान के सेवा. निवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. सचिन मलिक, डॉ. रामनिवास और डॉ. समद अली ने कहा कि डॉ. किशोर आहुजा का कार्यकाल जिला अस्पताल के लिए उपलब्धियों भरा रहा। उन्होंने कहा कि डॉ. आहुजा ने अपनी कार्यशैली और प्रशासनिक क्षमता से अस्पताल को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. नरेश सैनी, डॉ. विजेंद्र कुमार, संजीव शर्मा आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 700 ग्राम चरस सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस द्वारा चलाए चेकिंग अभियान में बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से 700 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को मौके से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मुस्तफा पुत्र मोहसीन अख्तर तथा उस्मान पुत्र गयूर, निवासी ग्राम नंगला राई, थाना कैराना बताया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक.दमा दर्ज करते हुए संबंधित धाराओं में चालानी कार्रवाई की गई।

# सरकारी तालाब की भूमि पर कब्जे के विरोध में हुआ खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव खेड़ी खुशनाम में सरकारी तालाब की भूमि पर कथित कब्जे का विरोध करने पर एक युवक पर फावड़े और लाठी-डंडों से हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के खेड़ी खुशनाम निवासी धीर सिंह पुत्र रूप सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह करीब पौने छः बजे उसका भाई महिपाल सिंह घर के सामने खड़ा था। इसी दौरान गांव निवासी शेखर पुत्र नरेश, कपिल पुत्र जनश्वेर तथा जनश्वेर पुत्र खड़क सिंह कथित रूप से ग्राम सभा के सरकारी तालाब की भूमि पर कब्जा कर रहे थे। महिपाल ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि विपक्षियों ने अपना गोबर उसकी निजी भूमि पर डाल दिया और उसकी जमीन पर भी कब्जा करने की धमकी दी। इसके बाद आरोपित महिपाल के घर में घुस गए और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि शेखर ने फावड़े से हमला किया, जबकि अन्य आरो.पितों ने लाठी-डंडों से वार किए। हमले में महिपाल के सिर तथा दोनों आंखों के ऊपर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर सुनकर राहुल पुत्र धीर सिंह तथा आंचल पत्नी महिपाल मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव किया। आरोप है कि आरोपित परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल महिपाल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर आरो.पितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कसाना ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# वृद्ध की डंपर की चपेट में आने से मौत, पुत्रवधू घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मोपेड पर सवार होकर पुत्रवधू के साथ बाजार में खरीदारी करने आ रहे वृद्ध की डंपर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई जबकि पुत्रवधु गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे में मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया वह रोते बिलखते सरकारी अस्पताल पहुंचे और किसी प्रकार की कार्रवाई न करने की बात कहते हुए शव अपने साथ ले गए।

गांव फुलास अकबरपुर निवासी 65 वर्षीय कामिल अपनी पुत्रवधू 28 वर्षीय नरगिस को साथ लेकर शनिवार की सुबह मोपेड द्वारा देवबंद खरीदारी करने के लिए आए थे। दोपहर के समय गांव वापस लौटते समय देवबंद बरला मार्ग पर अचानक मोपेड डंपर की चपेट में आ गई जिससे वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पुत्रवधू को सरकारी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पूर्व नरगिस के पति अहसान की भी सडक हादसें में मौत हो गई थी। हादसे की सूचना पर रोते बिलखते हुए सीएचसी पहुंचे परिजन किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने की बात कहते हुए वृद्ध के शव को अपने साथ ले गए।



बरला मार्ग अतिक्रमण के चलते संकरी गली के रूप में बदल चुका है। ब्लॉक कार्यालय से लेकर बरला मार्ग पर आबादी क्षेत्र में सडक के दोनों ओर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण मौजूद है। जिसके चलते इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन इस ओर से आंखें मूंदे हुए है। क्षेत्रवासियों ने जाम और आए दिन हो रहे हादसों से निजात के लिए उक्त मार्ग से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

कोतवाली प्रभारी कपिल देव ने बताया कि परिजनों की मांग पर शव उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

## पुलिस ने वांछित आरोपी को तमंचा सहित किया गिरफ्तार

**देवबन्द।** तमंचे के बल पर मारपीट के वांछित आरोपी को तमंचा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बाबूपुर निवासी भूषण ने अपने ही पुत्र कार्तिक के खिलाफ परिवार के साथ अभद्रता कर मारपीट करने और तमंचा दिखाकर भयभीत करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप आरोप लगाया था। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शनिवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस सहित बरामद विभिन्न धाराओं में न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की 68 शिकायतों में से 5 का हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भीषण गर्मी के बावजूद संपूर्ण समाधान दिवस में नगर क्षेत्र के 68 फरियादी अधिकारियों के सामने अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। लेकिन केवल पांच लोगों की समस्याओं का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

हाईवे स्थित खंड विकास कार्यालय सभागार में एडीएमएफ सलील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं ने राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग, पुलिस, चकबंदी, ब्लॉक, बिजली समेत विभिन्न विभागों से संबंधित 68 शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए एडीएमएफ सलील कुमार ने अधीनस्थों को निर्देशित किया। साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी विजय प्रकाश सिंह, तहसीलदार पुष्पांकर देव, नायब तहसीलदार मो. निका चौहान, बीडीओ अमित नारंग आदि तहसील स्तरीय अधिकारी शामिल रहे।



# रिक्शा चालक को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ई-रिक्शा जल्दी चलाने को लेकर हुए विवाद में युवक ने रिक्शा चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



तल्हेड़ी बुजुर्ग निवासी ई-रिक्शा चालक अनीस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दोपहर करीब दो बजे एक युवक रिक्शा में आकर बैठा और जल्दी बस अड्डे पर चलने के लिए कहने लगा। आरोप है कि जब उसने कहा कि वह अपने नंबर पर ही चलेगा तो उसने गाली गलौज करनी शुरु कर दी। विरोध करने पर उसके साथ लोहे के पंच से हमला किया गया। जिसमें वह घायल हो गया। बाद में परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही है। वहीं, पुलिस ने गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे बाबूपुर निवासी कार्तिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से तमंचा व कारतूस मिला है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**देवबन्द।** भूमाफियाओं के खिलाफ मुख्यमंत्री के आदेश पर बड़ा एक्शन शुरू पुलिस ने भूमाफिया पिता-पुत्रों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोलते हुए उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच शुरु कर दी है। आने वाले दिनों में कार्रवाई का दायरा बढ़ सकता है।

बजरंग दल के पूर्व विभाग संयोजक विकास त्यागी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र भेजकर आरोप लगाया था कि नगर में भूमाफियाओं के बढ़ते आतंक के चलते आमजनो का जीना दुर्भर हो गया है। आए दिन भूमाफियाओं द्वारा मारपीट व हत्याएं होने के साथ ही सरकारी एवं निजी भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट और धमकी जैसे मामले लगातार चरम पर है। विकास त्यागी ने मुख्यमंत्री से भेंट कर नगर व आसपास क्षेत्रों में हो रहे भूमाफियाओं के आतंक व अवैध कब्जो के सम्बंध में जानकारी दी थी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से भूमाफियाओं को चिन्हित कर रिपोर्ट तलब करने के साथ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस ने नगर के चर्चित तीन भूमाफियाओं का आपराधिक इतिहास खंगालना शुरु कर दिया है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार आरोपी पिता-पुत्रों पर भूमि कब्जाने, हत्या, फिरौती मांगने और मारपीट समेत एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पर्ची की पांच खिड़की फिर भी घंटों लगता है समय

**मुजफ्फरनगर।** तेज गर्मी के चलते मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिससे मरीजों के भर्ती के वार्ड बढ़ा दिए गए है, लेकिन इसके बावजुद भी अस्पताल के बेड कम पड रहे है वहीं पर्ची बनाने के लिए पांच खिडकियां बना दी गई जहां स्वतंत्रता सेनानी और वृद्धो के लिए अलग से दो खिडकियां बनाई गई है, लेकिन इसके बाद भी स्वतंत्रता सेनानी हो या वृद्ध उन्हे पर्ची बनाने के लिए घंटो-घंटो का समय लगता है पहले पर्ची की लाइन फिर डॉक्टर तक पहुंचने के लिए लाइन और दवाई लेने के लिए तो लम्बी कतारों में लगना पड़ता है जिससें मरीजों को सवेरे से शाम अस्पताल में हो जाती है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम NIGHAT NAAZ से बदलकर NIGHAT PARVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।
निगहत परवीन पत्नी मोहम्मद अमजद, 119 मो0 बाजार काला देवबंद।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD GHAYUR से बदल कर GAYYUR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।
GAYYUR S/O ATEEQUE 1230, SHAH BUKHARI DEOBAND (SAHARANPUR)

**सूचना**

मैंने अपना नाम MONU KUMAR से बदल कर MONU रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।
MONU S/O MEHAR SINGH VILL-GUNARSA P.O.GUNARSA SAHARANPUR

**सम्बंध विच्छेद**

मैं और मेरी पत्नी मालती तोमर अपने पुत्र आकाश तोमर व पुत्र वधू प्रियंका तलवार से परिवार सहित संबंध विच्छेद कर उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं भविष्य में इनका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।
जगत सिंह तोमर पुत्र भंवर सिंह तोमर गणपति विहार कस्बा देवबंद जिला सहारनपुर

# कमिश्नर डा. रूपेश कुमार ने सुनी समस्याएं




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने शनिवार को तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का समाधान प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग की 43, पुलिस विभाग की 8, बिजली विभाग की 4, नगर निगम की 3 तथा अन्य विभागों की 5 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से राजस्व विभाग की 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए तथा लाभार्थियों की संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने राजस्व संबंधी मामलों को निर्धारित समय सीमा में निपटाने के निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवादों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की जाए। डॉ. रूपेश कुमार ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई कर शिकायतों का प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, तहसीलदार सदर जसमेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**गंगोह।** क्षेत्र के ग्राम बालू से एक युवक के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक को काम पर भेजा गया था, लेकिन वह बताई गई लोकेशन से अचानक गायब हो गया। कई घंटों तक तलाशने के बाद कोई सुराग न मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और पीड़ित पिता ने थाना में तहरीर देकर बेटे की सकुशल बरामदगी के लिए गुहार लगाई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव के ही एक ठेकेदार ने गांव के एक अन्य युवक के खाते में कुछ पैसे भेजे थे। बताया गया कि उसने उस युवक से कहा था कि यह रकम लापता युवक शोएब के पिता अहसान को दे दी जाए और उनसे कहा जाए कि वे अपने बेटे को काम पर भेज दें।

# गर्भवती महिलाएं पौष्टिक भोजन लें: जसवंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं व बच्चे के विकास के लिए पौष्टिक भोजन लेना जरूरी है।

शनिवार को बाल विकास परियोजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सात गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने महिलाओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चे के विकास के लिए के पौष्टिक आहार लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए योजना चलाई गई है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष देखभाल की जाती है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीडीपीओ डॉ पंकज पँवार ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण कराना चाहिए। पौष्टिक भोजन और तरल पदार्थों का प्रयोग करना चाहिए।

इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार, प्रमोद कौशिक, चौधरी हैदर गुर्जर, साधना गुप्ता, ममता, फरहाना अनीता आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# पौधे लगाने के साथ करें देखभाल: फूलबानो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में नगर पंचायत अध्यक्षा फूलबानो अंसारी की अगुवाई में पर्यावरण संरक्षण और विकास कार्यों को गति देने के लिए दो अहम कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शनिवार को अध्यक्षा फूलबानो अंसारी की अगुवाई में चलाये गए पौधारोपण अभियान में मरगूब अंसारी, सलीम अंसारी, दानिश अंसारी, नगर पंचायत लिपिक अशोक कुमार, आजम अंसारी व डॉ दीपक ने मिलकर मोहल्ले में विभिन्न स्थानों पर छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस दौरान अध्यक्षा फूलबानो अंसारी ने कहा कि हरियाली बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करना भी उतना ही जरूरी है ताकि नगर को हरा-भरा बनाया जा सके। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्षा फूलबानो अंसारी ने पंचायत कर्मचारियों के साथ मोहल्ला कोठी वाला में चल रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने उन्हें जलभराव की समस्या बताई, जिस पर अध्यक्षा ने जल्द नाली निर्माण पूरा कराने का आश्वासन दिया।

## वैल्डिंग की दुकान में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नानौता बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी से थोड़ी दूर पर ही चोरों ने एक वेल्डिंग वर्कशॉप दुकान की दीवार तोड़कर 1.75 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए।

नानौता बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी स्थापित है। वहां हर समय पुलिस मौजूद रहती है। फिर भी चोरों ने चौकी से थोड़ी दूर स्थित एक दुकान की दीवार तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला और पुलिस को भनक भी नहीं लगी। तीतरों रोड़ स्थित सुंदर इंजीनियरिंग वेल्डिंग वर्कशॉप वर्कशॉप के मालिक अब्बास को चोरी का पता जब वह शनिवार सुबह अपनी दुकान पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि बैंक की तरफ वाली दीवार टूटी हुई थी।

# समाधान दिवस में दर्ज कराई 55 शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डीएम मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें 55 शिकायती दर्ज की गई और मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया।

माह के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एस डीएम मानवेंद्र सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सुश्री प्रिया यादव ने फरियादियों के प्रार्थना पत्रों की जन सुनवाई की गई। इस दौरान 55 फरियादियों की शिकायतें दर्ज की गई। जन समस्याएं सुनने के बाद



संपूर्ण समाधान दिवस पर मौजूद सभी अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को एस डी एम ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और हर शिकायत का मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आए किसी भी शिकायत के निस्तारण में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, देवेन्द्र कुमार प्रजापति, विद्युत अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार एस डी ओ बृज मोहन, बीडीओ योगेन्द्र कुमार, सीडीपीओ मुजफ्फराबाद संयोगिता यादव, सीडीपीओ साढ़ोली कदीम अफसाना बेगम, , पूर्ति निरीक्षक नदीम अहमद, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत, मिर्जापुर थाना प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, सहित संबंधित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# हत्या के प्रयास का आरोपी दबोचा, डम्पर भी बरामद

**चिलकाना।** पुलिस टीम ने हत्या की कोशिश करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 डम्पर वाहन भी बरामद किया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक विगत 5 जून को पीड़ित जगजीत राणा पुत्र संदीप कुमार निवासी ग्राम भोगपुर थाना बूड़िया जिला यमुनानगर हरियाणा की लिखित तहरीर पर एक डम्पर के चालक द्वारा डम्पर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए पीड़ित की आल्टो कार में टक्कर मारने व पीड़ित के चिल्लाने पर आरोपी डम्पर चालक द्वारा पुनः जान से मारने की नीयत से कार में दो तीन बार टक्कर मारकर गाडी को क्षतिग्रस्त देने के सम्बन्ध में थाना पुलिस द्वारा संगीन धाराओं के तहत मुक. दमा दर्ज करते हुए डम्पर तथा आरोपी चालक की तलाश आरम्भ कर दी गई थी। शनिवार को थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने फरार आरोपी चालक जुनैद पुत्र जमील निवासी ग्राम रोटनपुर थाना झिंझाना जिला शामली को घटना में प्रयुक्त डम्पर सहित कस्बा सुल्तानपुर में बाईपास तिराहे पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई राजकुमार चौहान, एसआई भूपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विपिन नैन, अमन कुमार तथा टीकम सिंह शामिल रहे।

# राज्य मंत्री जशवंत का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** निकटवर्ती गांव चारपचिड़ी उर्फ दौलतपुर में शुक्रवार शाम मोहित सैनी के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जशवंत सिंह सैनी का ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री जशवंत सिंह सैनी ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार



प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच रहा है तथा नागरिकों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। राज्य मंत्री ने सम्मान समारोह आयोजित करने और स्नेहपूर्ण स्वागत के लिए ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मोहित सैनी नगली ने किया।

इस दौरान अंबेहटी प्रधान सुरेंद्र सैनी, रजनीश सैनी, पूर्व प्रधान पवन सैनी, सुनील सैनी, मित्रपाल सैनी, बिजेंद्र सैनी, सोनू सैनी, शेखर सैनी, नीतू सैनी, अंकित सैनी, सुरेंद्र धीमान, गुड्डू धीमान, बिलू धीमान, विकास कुमार, अर्पित गुप्ता, गुड्डू सैनी, मलकीत सैनी, दीपक सैनी, रोहित रोहिताश, विनोद बैरागी, दीपक उपाध्याय, मोहर सिंह, संदीप नायक, राजेंद्र नायक, पंकज प्रजापति, प्रदीप कश्यप, चौधरी सहसपाल, चौधरी योगेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हादसे में बुलेट सवार युवक घायल

**चिलकाना।** देर रात्रि सड़क हादसे मे ट्रैक्टर-ट्रॉली से बुलेट मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमे बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों उपचार हेतु उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया।

शुक्रवार की रात्रि चिलकाना क्षेत्र के पटनी - पिलखनी मार्ग पर ग्राम बकारका के निकट यह हादसा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार सीकरी कलां गांव निवासी युवक अपनी बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर पिलखघ्नी की ओर से अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह बकारका गांव के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार की हेडलाइट की रोशनी सीधे बुलेट सवार की आंखों पर पड़ी।

अंधेरा अधिक होने और कार की तेज लाइट के कारण बुलेट सवार युवक को सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई नहीं दी और उसकी बुलेट सीधे ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुलेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि खनन कार्य में लगी यह ट्रैक्टर-ट्रॉली पिछले काफी समय से बेहद असुरक्षित तरीके से सड़क पर ही खड़ी थी। रात के समय इस पर कोई इंडिकेटर या रिफ्लेक्टर न होने के कारण यह लगातार हादसों को दावत दे रही थी और आखिरकार बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया।

# कुत्तों के झुंड से नगरवासियों में दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में सड़कों पर घूमते आवारा कुत्तों के झुंड से राहगीरों के साथ साथ बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं भी दहशत में हैं। यह कुत्तों के झुंड अचानक किसी पर भी हमला कर देते हैं।

नगरवासियों का कहना है कि मोहल्लों में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है। सुबह के समय टहलने जाने वाले नगरवासी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। मोहल्ला मजहर हसन निवासी लियाकत अली, हाजी हफीजुर्रहमान, सरफराज, सनव्वर, फारूख, वसीम अंसारी, साजिद अंसारी, अब्दुल रऊफ आदि ने बताया कि सुबह, शाम व रात के समय आवारा कुत्तों के झुंड मोहल्ले में घूमते रहते हैं। जिससे काम पर आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है।उन्होंने बताया कि कुत्तों के हमलों में कई बच्चे और राहगीर घायल भी हो चुके हैं। प्रशासन द्वारा कोई भी प्रभावी कदम न उठाए जाने से लोगों में असंतोष है। नगरवासियों की मांग है कि नगर पंचायत प्रशासन आवारा कुत्तों को पकड़वाकर किसी सुरक्षित स्थान पर भेजें अथवा नसबंदी अभियान चलाएं। ताकि इन आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित हो सके। नगरवासियों को उम्मीद है कि नगर पंचायत जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान के लिए कोई न कोई ठोस कदम उठाकर नगर को सुरक्षित और भयमुक्त बनाएगा।

# कैडेट्स को सामान्य चोट पर उपचार का दिया प्रशिक्षण

**सहारनपुर।** 83 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी सहारनपुर द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-256 के छठे दिन की शुरुआत पीटी परेड एवं योग अभ्यास के साथ हुई। शिविर का संचालन कमान अधिकारी कर्नल नविंदर सिंह मान (सेना मेडल) के नेतृत्व में किया जा रहा है। देवभूमि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, बेरी जमापुर में आयोजित शिविर में डिप्टी कमांडेंट कर्नल तनय कोठियाल ने आईजीसी एवं आरडीसी के संभावित चयनित कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वे पूरी मेहनत और लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर वाहिनी एवं जनपद का नाम रोशन कर सकें। देवभूमि संस्थान के निद. ेशक डॉ. दीपक राज ठाकुर ने कैडेट्स को करियर चयन के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप विषयों का चयन करना चाहिए। उन्होंने विज्ञान वर्ग की विभिन्न धाराओं में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए कहा कि पसंदीदा विषय में अध्ययन करने से रोजगार प्राप्ति की संभावनाएं अधिक बढ़ जाती हैं। चीफ ऑफिसर बृजेश पुंडीर ने समाज सेवा के महत्व पर प्रेरक व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रत्येक एनसीसी कैडेट को प्रतिदिन समाज, पर्यावरण और प्रकृति से जुड़ी सेवा गतिविधियों में भाग लेने का संकल्प लेना चाहिए। यही एनसीसी का मूल उद्देश्य और राष्ट्र निर्माण का आधार है। कैंप एडजुटेंट कैप्टन राजेश कुमार एवं कैप्टन सुभाष चंद्र के निर्देशन में कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगीत एवं नृत्य का अभ्यास किया। वहीं लेफ्टिनेंट प्रवीण कुमार और हवलदार नरेंद्र कुमार की देखरेख में खेलकूद गति. विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। सूबेदार नक्षत्र एवं हवलदार देव सिंह ने कैडेट्स को टेंट लगाने और हटाने का प्रशिक्षण दिया, जबकि जय सिंह ने हथियारों संबंधी जानकारी प्रदान की। हवलदार गोविंद थापा ने मैप रीडिंग एवं जीपीएस के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। संचालन में देवभूमि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के प्रबंधन एवं प्रशासन का सहयोग रहा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

सहारनपुर मुख्य शाखा, सहारनपुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रय विलेख संख्या 3858, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3965, पृष्ठ संख्या 135 से 164, जो कि श्री रूप चन्द पुत्र श्री फकीर चन्द एवं श्रीमती ज्ञान देवी पत्नी श्री रूप चन्द द्वारा श्री विकास कुमार के पक्ष में निष्पादित की गई थी तथा उप-पंजीयक, सहारनपुर कार्यालय में विधिवत पंजीकृत है, मेरे पास सुरक्षित थी। दिनांक 04.03.2026 को मैं किसी निजी कार्य हेतु सिविल कोर्ट, सहारनपुर जा रहा था। इसी दौरान उक्त विक्रय विलेख की प्रति कहीं रास्ते में गुम हो गई। मैंने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, किन्तु उक्त दस्तावेज प्राप्त नहीं हो सका। यदि उक्त गुमशुदा विक्रय विलेख किसी व्यक्ति को प्राप्त होती है तथा उसका किसी प्रकार से दुरूपयोग करने का प्रयास किया जाता है, तो वह पूर्णतः अवैध, शून्य एवं प्रभावहीन माना जाएगा। यदि किसी व्यक्ति/संस्था का उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का दावा, अधिकार, हित, आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर संबंधित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक शाखा में लिखित रूप से प्रस्तुत करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और बाद में प्राप्त किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

राज कुमार पुत्र श्री विशम्बर सिंह, मकान संख्या वी/5488, हिम्मत नगर, निकट अशोका रेडियो, सहारनपुर- 247001, मो0 नं0: 9897452465

**Shakumbhari Degree College**

Sultanpur, Chilkana, Saharanpur (UP) (Affiliated to Maa Shakumbhari University Saharanpur)

**Required**

Assistant Professor : (Programms)
B.SC (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
(Qualification Required: As per UGC and MSU Norms Preferably NET/Ph.D.) Note: Experienced Candidates will be preferred. Candidates can apply within 7 days by Email, Post Email: with their latest Self attested resume at in to. Shakumbharigroup@gmail.com
Mobile No.: 9759922268, 7037476736

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सहारनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री शंक. राचार्य आश्रम के श्रीमहंत सहजानंद ब्रह्मचारी महाराज ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं एवं उपस्थित नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। महाराज जी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं तथा प्रकृति और पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधारोपण करना चाहिए।

# वार्षिकोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** श्री माता वैष्णो देवी धाम के 15वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर शनिवार को भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। माता के जयकारों व भजनों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। मंदिर में रविवार को 31वां भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा।

हरिदास मार्ग स्थित श्री माता वैष्णो देवी धाम मंदिर से शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना व पूर्व प्रैस क्लब अध्यक्ष अरविंद टेबक ने ज्योति प्रज्जवलित व अरविंद पाल सिंह कपूर ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालु माता रानी के भजन गाते



हुए चल रहे थे। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का स्वागत किया। आकर्षक ढंग से सुसज्जित माता रानी की झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। दोपहर में आचार्य पंडित अनुज शास्त्री के सान्निध्य में जनकल्याण यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के यजमान महेंद्र नामदेव, ओमप्रक. ाश नारंग, अवधेश गोयल, प्रवीण तायल, विकास मित्तल, प्रदीप गोयल, पंकज बंसल, देवेंद्र बंसल, नीरज गर्ग, महेंद्र पाहूजा, सुंद. रलाल नामदेव रहे। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर समाज, क्षेत्र और देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगल की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। रविवार को 31वां भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा माता रानी का गुणगान किया जाएगा। प्रभात फेरी में दीपक मित्तल, सुशील पाहुजा, राहुल, सागर शर्मा, अंकित नामदेव आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुखबिरी के शक में मारपीट का आरोप

**चिलकाना।** ग्राम बुड्ढाखेड़ा निवासी पीड़ित व्यक्ति फुरकान द्वारा लगाए गए आरोपो के अनुसार नशा व गौतस्करी जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त रहने वाले दबंगो ने पीड़ित के घर मे घुसकर पीड़ित एवं परिजनो को सिर्फ इसलिए मारपीट कर घायल कर दिया गया, चूंकि आरोपी दबंग पीड़ित तथा परिजनों पर मुखबिरी का शक जताते हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

ग्राम बुड्ढाखेडा निवासी पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि आरोपी अहसान, बिलाल पुत्रगण खालिक उर्फ हय्या, अहतेशाम पुत्र इस्लाम उर्फ बलोच व अजमल पुत्र अकबर उर्फ मड़वा गौतस्करी व नशा तस्करी का धंधा करने में लिप्त रहते है। तथा पीड़ित एवं उसके परिवार पर मुखबिरी करने का शक जताते हैं। आरोपी रोजाना रास्ते मे आते जाते समय पीडित तथा उसके बच्चों के साथ छीटाकशी करते रहते है। आरोप है कि पीड़ित ने आरोपियों से परेशान होकर यदि पंचायत करके उनकी सभी हरकतें जिम्मेदार लोंगो के सामने रखने की बात कही तो इस बात से क्षुब्ध होकर उपरोक्त आरोपी हाथ मे लाठी, डंडे, फावड़ा तथा लोहे की रॉड लेकर जबरन पीड़ित के घर मे घुस आए और उसके बेटे पर हमला करते हुए बुरी तरह मारपीट करने लगे। यदि बीच बचाव में पीड़ित, पत्नी तथा भाभी आदि आई तो आरोपियों ने उनके साथ भी बुरी तरह मारपीट की। जिनकी चीखपुकार की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगो ने किसी तरह उन्हें आरोपियों के चुंगल से उन्हें छुड़ाया। जिसके बाद आरोपी वहां से जाते समय भी पीड़ित तथा परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर गए। आरोप है कि बाद में इन लोगों के द्वारा पीड़ित के घर पर पथराव भी किया गया, जिसका एक वीडियो पीड़ित के पास मौजूद है। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही तथा अपनी व परिजनों के जान माल की सुरक्षा किये जाने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी।

# टीम इंडिया के आगे पस्त हुए अफगान गेंदबाज

## अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के पहले दिन कप्तान गिल व केएल राहुल ने जड़े शतक

■ भारत ने पहले दिन तीन विकेट के नुकसान पर 368 रन पर विशाल स्कोर बनाया




**मुल्लांपुर, वार्ता।** कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 103 ) और केएल राहुल (100) के शानदार शतकों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन शनिवार को 85 ओवर में तीन विकेट पर 368 रन का विशाल स्कोर बना लिया। शुभमन गिल ने अच्छा टॉस जीता और टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया। और जमकर रन बटोरे।

टेस्ट में बड़ा सवाल यह था कि क्या वे लंबे और कठिन टी20 सीजन के बाद रेड-बॉल क्रिकेट की मांगों के लिए जल्दी से खुद को ढाल पाएंगे, और इसका जवाब जोरदार हां था। यशस्वी जयसवाल (24) को छोड़कर हर बल्लेबाज ने अहम योगदान दिया। केएल राहुल और गिल ने शानदार शतकों के साथ नेतृत्व किया, जबकि साई सुदर्शन (81) और ऋषभ पंत (नाबाद 50) ने अच्छी तरह से संकलित अर्द्धशतक बनाए। कुछ शतकीय साझेदारियां भी हुई, जिससे भारत को 368 रन पर मजबूत स्थिति में दिन खत्म करने में मदद मिली। आज का दिन गिल और राहुल के नाम रहा।

गिल ने 143 गेंदों की नाबाद शतकीय पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। राहुल ने 185 गेंदों पर शतक में 11 चौके लगाए। साथ ही सुदर्शन और पंत ने भी अच्छी पारी खेली। सुदर्शन ने 104 गेंदों पर 81 रन में 13 चौके लगाए जबकि पंत ने 70 गेंदों पर नाबाद 50 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए। हालांकि अफगानिस्तान ने कई कैच छोड़े। पहले राहुल के खिलाफ आसान रिव्यू नहीं लिया गया। फिर सुदर्शन का कैच टपकाया गया और उसके बाद पंत का भी कैच छोड़ा गया। टेस्ट कप्तान के तौर पर गिल का शानदार प्रदर्शन जारी है। अब कल भारत कोशिश करेगा कि एक ऐसे स्कोर तक पहुंचे, जहां से उन्हें फिर बल्लेबाजी न करनी पड़े। अफगानिस्तान ने कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत की। मौसम बेहद गर्म था और उनके गेंदबाजों, विश. ाकर तेज गेंदबाजों ने पहले दो सत्रों के दौरान जोरदार प्रयास किया। हालांकि, अंतिम सत्र में उनका उत्साह खत्म होता दिखाई दिया, जो शायद बताता है कि उन्होंने दूसरी नई गेंद नहीं लेने का फैसला क्यों किया। वह विकल्प कल सुबह उपलब्ध रहेगा जब गेंदबाज तरोता. जा होंगे और परिस्थितियां अधिक अनुकूल हो सकती हैं। आज दुसरे दिन भी उम्मीद जताई जा रही है कि विकेट अच्छा खेलेंगी और पिच से खूब रन निकलेंगे।

### सवांगकेव को हराकर एला बर्मिंघम ओपन के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, वार्ता।** फिलीपींस की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा एला ने थाईलैंड की मनानचाया सवांगकेव को हराकर 2026 बर्मिंघम ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। शुक्रवार को खेले गए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुक. ाबले में एला ने सवांगकेव को 6-3, 6-2 से टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की नंबर 37 खिलाड़ी पहले सेट में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करते हुए 48 मिनट में सेट जीत लिया। दूसरे सेट में, एला ने ब्रेक लेकर 4-2 की बढ़त बनाई और फिर दो और गेम जीतकर सेट और मैच को 6-2 से अपने नाम किया। अब दोनों खिलाड़ियों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 1-1 का हो गया है। सवांगकेव ने 2024 ताकासाकी ओपन के क्वार्टर-फाइनल में हुए तीन सेट के मुकाबले में एला को हराया था। मैच के बाद एला ने कहा, मैंने मैच का अंत बहुत अच्छे एहसास के साथ किया।

---

**खेल विशेष**

### मैत्री मुकाबले में तजाकिस्तान ने भारत को 3-1 से हराया

**तुर्सुनजोदा, वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम को शुक्रवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में ताजिकिस्तान से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। यह जून के फीफा अंतर्राष्ट्रीय विडो के दौरान होने वाले दो 2026 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फेंडली मैचों में से पहला मैच था। शेरिद्दीन बोबोएव ने (नौंवे), मेहरूबोन करीमोव ने (62वें) और एहसोनी पन्शानबे ने (68वें) मिनट में मेजबान टीम के लिए गोल किए। जबकि फारुख चौधरी ने (89वें) मिनट में डायरेक्ट फ्री-किक से गोल करके भारत को सांत्वना गोल दिलाया। लंदन में यूनिटी कप में जमैका और जिम्बाब्वे से हारने के बाद भारत की यह लगातार तीसरी हार थी। खालिद जमील की कोचिंग वाली भारतीय टीम लंदन से सीधे तजाकिस्तान पहुंची थी। ताजा फीफा फुटबॉल रैंकिंग में 137वें स्थान पर मौजूद भारत ने शुरुआत में ही दुनिया की 103वें नंबर की टीम तजाकिस्तान पर दबाव बनाने का प्रयास किया।

### कोलाज स्पोर्ट्स क्लब की ईस्ट दिल्ली राइडर्स पर 10 रन की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए प्रतिठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के ग्रुप ए लीग मुकाबले में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को शनिवार को 10 रन से रोमांचक शिकस्त दी। टॉस जीतकर ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 238 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से दीपक पुनिया ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 29 गेंदों में नाबाद 64 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 7 छक्के शामिल रहे।

### सानिका के शानदार अर्धशतक से आकाश टाइगर्स को मिली पहली जीत

**मुंबई, वार्ता।** आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब्स ने सानिका चालके के शानदार अर्धशतक की मदद से शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ठाणे स्काई राइजर्स पर सात विकेट की आसान जीत के साथ उद्घाटन नुवामा प्राइवेट टी20 मुंबई महिला लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। 157 रनों का पीछा करते हुए, टाइगर्स ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए चार गेंद शा रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। सानिका ने 36 गेंदों में 68 रनों की शानदार पारी खेलकर शुरुआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर दिया। उन्होंने हुमैरा काजी (18) के साथ केवल 7.2 ओवर में 69 रन की महत्वपूर्ण शुरुआती साझेदारी की। जबकि काजी ने सहायक भूमिका निभाई, सानिका ने गेंदबाजों पर आक्रमण करते हुए 10 चौके और दो छक्के लगाए।

---

# प्रज्ञानंद ने आखिरी राउंड में नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता



■ भारतीय ग्रैंडमास्टर ने जर्मनी के विसेंट कीमर को क्लासिकल प्रारूप में हराकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की

■ महिला वर्ग में असाउबाएवा ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता, आखिरी राउंड में तीन निर्णायक क्लासिकल गेम हुए

**ओस्लो (नॉर्वे), वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने आखिरी राउंड में जीत हासिल कर नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अंतिम और 10वें राउंड में जर्मनी के विसेंट कीमर को क्लासिकल प्रारूप में हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

इस राउंड में वेस्ली सो से आधे अंक पीछे रहने के बावजूद, प्रज्ञानंद को पता था कि जीत उन्हें लीडर से आगे निकलने की मजबूत स्थिति में पहुंचा देगी। शुक्रवार को सफेद मोहरों के साथ विसेंट कीमर का सामना करते हुए, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने मौके का पूरा फायदा उठाया और एक अहम जीत हासिल की। पूरे 3 अंक मिलने से प्रज्ञानंद के कुल 18 अंक हो गए और उन्होंने पहला स्थान पक्का कर लिया। इस जीत के साथ इस टूर्नामेंट को जीतने वाले प्रग्गनानंदा पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। वेस्ली सो, जो आखिरी दिन से पहले टूर्नामेंट में आगे चल रहे थे, ने अलीरेजा फिरोजो के खिलाफ अपना क्लासिकल गेम बराबरी (ड्रॉ) पर खत्म किया। बाद में सो ने आर्मागेडन गेम जीता और अतिरिक्त अंक हासिल किए। ओस्लो में शानदार टूर्नामेंट के बाद फिरोजा तीसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोम्माराजू के बीच हुआ मुकाबला कार्लसन की क्लासिकल जीत के साथ खत्म हुआ। नॉर्वेजियन स्टार ने लंबे संघा के बाद जीत हासिल की और टूर्नामेंट का समापन जीत के साथ किया। 10वें राउंड के बाद, प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने 18 अंकों के साथ नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता। वेस्ली सो 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### मोदी ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीतने पर ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद को बधाई दी



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब जीतने के लिए भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद रमेशबाबू को बधाई दी है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रज्ञानंद को बधाई देते हुए कहा है कि यह वास्तव में एक अद्भुत उपलब्धि है जो उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाती है। श्री मोदी ने भविय के प्रयासों के लिए भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रज्ञानानंद को बधाई! यह वाकई एक अद्भुत उपलब्धि है जो उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाती है। उनके भविय के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने आखिरी दौर में जीत हासिल कर नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब अपने नाम किया।

### प्रज्ञानंद के नॉर्वे चेस जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर पूरे देश को गर्व है: गौतम अडानी



**अहमदाबाद, वार्ता।** अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने शनिवार को ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद आर को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट 2026 का खिताब जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरे देश को उनके इस प्रतिठित टॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर गर्व है। 20 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद ने दुनिया नंबर वन मैग्नस कार्लसन, मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डी, अलीरेजा फिरोजा, वेस्ली सो और विसेंट कीमर जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता। इस दौरान, उन्होंने कार्लसन को दो बार हराया और गुकेश के खिलाफ एक अहम क्लासिकल जीत दर्ज की।

---

# चोटिल कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल भारतीय वनडे टीम में

■ विराट जुलाई के मध्य में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेल पाएंगे, चेनकर्ता अजीत अगरकर ने जताई उम्मीद




**मुंबई, वार्ता।** हाल ही में सम्पन्न हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान मांसपे. शियों में खिचांव के कारण विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। 13 जून से शुरू होने वाली इस सीरीज के लिए कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है।

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने आगामी टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए इस बात की पुटि की। उन्होंने ने कहा कि उम्मीद है कि कोहली जुलाई के मध्य में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेल पाएंगे। अगरकर ने कहा, विराट को (आईपीएल) फाइनल में चोट लगे हुए अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है। हमें अभी ठीक-ठीक समय का पता नहीं है। लेकिन ऐसा लगता है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए फिट हो सकते हैं। यह कोई पक्का जवाब नहीं है, इसलिए इसे मेरी बात न मान लें। मुझे अभी फिजियो से कोई स्पट समय-सीमा नहीं मिली है। आईपीएल में कोहली जबरदस्त फॉर्म में थे। उन्होंने 165-85 के स्ट्राइक रेट से 675 रन बनाए, जो आईपीएल में उनके अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक है और आरसीबी को अपना आईपीएल खिताब बचाने में मदद की। जायसवाल, जो भारत के लिए 50 ओवर के फॉर्मेट में रेग. ुलर खिलाड़ी नहीं हैं, ने छह महीने पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पिछले वनडे मैच में शुभमन गिल की गैर-मौजूदगी में नाबाद शतक लगाया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि हार्दिक पांड्या और रोहित शर्मा के वनडे सीरीज में हिस्सा लेने से पहले उनकी फिटनेस मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। सैकिया ने पुटि की।

# मनीषा भानवाला व नेहा सांगवान ने जीते स्वर्ण पदक उलानबतोर

■ जगरेब ओपन में मिली कामयाबी के बाद, रैंकिंग सीरीज में यह उनका इस साल का दूसरा स्वर्ण पदक है

**(मंगोलिया), वार्ता।** एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय पहलवान मनीाा भानवाला और नेहा सांग. वान ने उलानबतोर ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में क्रमशः महिला 57 किलोग्राम और 59 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। 62 किलोग्राम वर्ग की पूर्व एशियाई चैंपियन मनीाा भानवाला ने शुक्रवार को 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोन इल-सिम को पिनफॉल से हराया।

मनीषा भानवाला ने फाइनल मुकाबले में सोन इल-सिम को महज 4 मिनट के भीतर पिन करके जीत दर्ज की।

जगरेब ओपन में मिली कामयाबी के बाद, रैंकिंग सीरीज में यह उनका इस साल का दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय पहलवान ने तुर्की की एल्विरा सुलेमान कमालोग्लू को हराया था। वहीं, नेहा सांगवान ने 59 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में उत्तर कोरिया की प्योल हांग को 5-3 से हराकर उलानबातर ओपन में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पहलवान ने पिछले साल मंगो. लिया में 57 किलोग्राम वर्ग जीता था। पूर्व अंडर-17 विश्व चैंपियन नेहा ने पांच मुकाबले जीतकर इस साल अपना दूसरा रैंकिंग सीरीज पदक जीता। उन्होंने फरवरी में मुहम्मेट मेलो में रजत पदक जीता था। इस बीच, नीलम को 50 किलोग्राम वर्ग में कजाकिस्तान की मारल तंगिरबेर्गेनोवा के खिलाफ तकनीकी श्रेठता के आधार पर 10-0 से हराकर कांस्य पदक से संतोा करना पड़ा। इससे पहले सेमीफाइनल में उन्हें पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की अंकी बाओ से हार का सामना करना पड़ा था। महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में मीनाक्षी गोयत स्थानीय पहलवान त्सोग्ट-ओि. चरिन नामुंटसेत्सेग से रेपेचेज राउंड में हारकर पोडियम से बाहर हो गईं। हर्षिता 72 किलोग्राम वर्ग में पदक जीतने में असफल रहीं। भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों ने भी अपने पदकों की संख्या में बढ़त बनाई। साहिल ने 60 किलो. ग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि उनके हमवतन सुमित दलाल ने इसी महीने एशियाई खेलों के ट्रायल जीते थे। वह चोट की वजह से कांस्य पदक मुक. ाबले से पीछे हट गए।

---

# भारतीय टीम ने जीता महिला अंडर-18 एशिया कप का कांस्य पदक

**(जापान), वार्ता।** भारतीय अंडर 18 महिला हॉकी टीम ने शनिवार को तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में कोरिया पर 3-0 की शानदार जीत के साथ महिला अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक अपने नाम किया। संदीप कुमारी ने (दूसरे), कप्तान स्वीटी कुजूर (16वें) और नौशीन नाज ने (33वें) मिनट में गोल किए और भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर अपनी जगह पक्की की।

सेमीफाइनल में चीन से शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद वापसी करने के इरादे से उतरी भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की और शुरुआती दो मिनटों में ही बढ़त बना ली। संदीप कुमारी दूसरे मिनट में गोलकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मैच का माहौल भारत के पक्ष में बन गया। भारत ने गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा और अटैकिंग सर्कल में लगातार मौके बनाए। उनकी मेहनत 16वें मिनट में रंग लाई, जब कप्तान स्वीटी कुजूर ने (16वें) मिनट में मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया और टीम दूसरे क्वार्टर में बेहतर स्थिति में पहुंची। दो गोल की आरामदायक बढ़त के साथ, भारत ने ब्रेक के बाद भी खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और 33वें मिनट में अपनी बढ़त को और बढ़ा दिया। टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर नौशीन नाज ने (33वें) मिनट में शानदार मैदानी गोल करके अपना नाम स्कोरशीट में दर्ज कराया।

# एशियाई खेलों में होगी बुमराह की वापसी

## उससे पहले वह भारतीय टीम के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड नहीं जाएंगे



**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टी 20 सीरीज के अलावा श्रेयस अय्यर एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। आईपीएल 2026 के बाद यह पहली बार होगा जब जसप्रीत बुम. राह टीम के साथ जुड़ेंगे। उससे पहले वह भारतीय टीम के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड नहीं जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भी तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाया गया है और वैभव सूर्यवंशी को टीम में शामिल किया गया है।

जापान के आइची प्रीफेक्चर में 2026 एशियन गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। इसका कार्यक्रम वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की तीन मैचों की वनडे सीरीज से टकरा रहा है, जो 27 सितम्बर से 3 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद 6 अक्टूबर से पांच टी20 मैचों की सीरीज होगी। एशियन गेम्स की पुरा क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 फॉर्मेट में खेली जाएगी और 24 सितम्बर से शुरू होगी। फाइनल 3 अक्टूबर को खेला जाएगा। स्वर्ण पदक के लिए भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, जापान, नेपाल, मलेशिया, हांगकांग और ओमान समेत 10 टीमें मुकाबला करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 24 से 26 सितम्बर के बीच क्वालिफायर मुकाबलों से होगी। इसके बाद 28 और 29 सितम्बर को क्वार्टर फाइनल खेले जाएंगे। सेमीफाइनल एक अक्टूबर को होंगे, जबकि कांस्य और स्वर्ण पदक के मुकाबले 3 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। भारत ने अक्टूबर 2023 में चीन के हांगझोउ में हुए पिछले एशियन गेम में पुरा वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था। अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल 18-2 ओवर के बाद बारिश की वजह से रद्द हो गया था, जिसके बाद उच्च वरीयता प्राप्त टीम होने के कारण भारत को विजेता घोति किया गया था। 2026 एशियन गेम्स की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से 22 सितम्बर के बीच खेली जाएगी। स्वर्ण पदक के लिए बंगलादेश , भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, जापान, थाईलैंड, मलेशिया और चीन की टीमें चुनौती पेश करेंगी। भारत ने 2023 एशियन गेम्स में महिला क्रिकेट का भी स्वर्ण पदक जीता था। टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया था। एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन, इशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नीतीश रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

# महंगाई और पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बढ़ती महंगाई और विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज बड़ी संख्या में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेसजन सुबह से ही कांग्रेस जिला मुख्यालय पर एकत्रित होना शुरू हो गए। इसके पश्चात सभी कांग्रेसजन अपनी-अपनी मोटर साइकिलों पर सवार होकर एक विशाल मोटर साइकिल रैली निकाली और जोरदार नारेबाजी करते हुए रेलवे स्टेशन, कचहरी का पुल, कोर्ट रोड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेसजनों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए देर तक प्रदर्शन किया, पेपर लीक व महंगाई के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रति. निधि सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने आज के बड़े प्रदर्शन में सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि आज हमारा यह प्रदर्शन नीट व सीबीएससी के छात्रों के हो रहे शोषण व आसमान छूती महंगाई के विरुद्ध है। जनता मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों से आजिज आ गई है और इससे निजात पाने के लिए अब कांग्रेस के साथ सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है।

संदीप राणा ने कहा की ताकत दिखाना हमारी फितरत नहीं, लेकिन जनहित में न्याय की आवाज बुलंद करके संघर्ष करना कांग्रेस की संस्कृति है और हम अपने इसी संवैधानिक अधिकार का उपयोग करते हुए जनता के साथ सड़कों पर और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में संसद तक संघर्ष करेंगे और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करेंगे। कांग्रेसियों के साथ ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से आसमान छूती महंगाई पर लगाम लगाने की मांग की और साथ ही साथ युवाओं के भविष्य को गर्त के अंधेरे में धकेलने वाले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को केंद्रीय मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करने वालों में प्रदेश सचिवगण प्रवीण चौधरी, राहत खलील, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पाल. ेवाल, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी नितिन शर्मा, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्वेता सैनी, सत्यम संयम भूरियांन, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, अक्षय कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# सड़कों पर रखा सामान जब्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने आज दोपहर लोहानी सराय में बडे्र स्तर पर अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया और सड़क पर रखे गद्दे, लोहे के संदूक, मैट, तस्ले, ड्रम आदि दो दर्जन से अधिक दुकानों का सामान जब्त कर लिया। कुछ अतिक्रमणकारी दुकानदारों से करीब दस हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।





आज दोपहर जब निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में लोहानी सराय पहुंचा तो अतिक्रमणकारी दुकानों में खलबली मच गयी। अतिक्रमणरोधी अभियान अंबाला रोड और नेहरु मार्किट, दोनों ओर से एक साथ चलाया गया। नगर निगम की टीम ने सड़क पर रखा दुकानदारों का जो भी सामान मिला, उसे ही उठाकर निगम की ट्रॉली में डाल लिया। कुछ अतिक्रमणकारी दुकानदारों ने अपने अतिक्रमण को जायज ठहराते हुए कहा कि उनका बहुत थोड़ा सा सामान ही बाहर रखा है, लेकिन निगम अधिकारियों के सामने किसी की एक नहीं चली।

अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि अभियान के दौरान करीब दो दर्जन दुकानों से लोहे के दो संदूक, चार काउण्टर, चार ड्रम, दो मैट, चार प्लास्टिक ड्रम, 15 लोहे के तस्ले, 06 प्लास्टिक तस्ले, 06 छोटे जैक, ठेलियों पर लगाने वाली दो बड़ी छतरी, आठ जाली, चार बारीक मैट व गद्दे आदि सामान जब्त किया गया है।

# सीएम योगी के इंतजार में शेखुल हिंद मैडिकल कॉलेज का विकासः फरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** समा. जवादी पार्टी के नेता फरहाद आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर आने का एक नया इतिहास तो बना दिया है, लेकिन शेख-उल-हिंद मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज का अधूरा विकास आज भी उनके काफिले का इंतजार कर रहा है।

फरहाद गाडा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहारनपुर आगमन पर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधूरे विकास कार्यों को लेकर सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दौरों को केवल कागजी रिकॉर्ड बताते हुए नकुड़ विधानसभा की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि घ्फ्कागजों में दर्ज हैं दौरों के रिकॉर्ड बेहिसाब, मगर नकुड़ का मेडिकल कॉलेज आज भी मांग रहा जवाब।ष

उन्होंने सवाल उठाया कि जब जिले में मुख्यमंत्री के दौरे सबसे ज्यादा हुए हैं, तो फिर स्वास्थ्य सेवाओं की यह बदहाली सबसे बड़ी क्यों है? मेडिकल कॉलेज की आधी-अधूरी व्यवस्थाएं और बुनियादी सुविधाओं का अभाव इस बात का सबूत है कि सरकार का ध्यान धरातल के विकास पर नहीं, बल्कि सिर्फ प्रचार पर है। नकुड़ की जनता के साथ साथ आसपास जनता आज भी बेहतर इलाज के लिए परेशान है। उन्होंने मांग की कि सरकार दौरों की राजनीति छोड़कर तुरंत इस मेडिकल कॉलेज के अधूरे कार्यों को पूरा कराए अन्यथा जनता आने वाले समय में इसका मुकम्मल जवाब देगी।

## ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**सरसावा।** शाहजहांपुर रेलवे फाटक पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही शाहजहांपुर चौकी पुलिस तथा आरपीएफ मौके पर पहुंच गई।शव को कब्जे में लेकर और घटना की जांच शुरू कर दी।

शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे अप लाइन पर रेलवे फाटक संख्या 96 सी के सामने सहारनपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। वह आसमानी रंग का कुर्ता एवं सफेद पायजामा पहने हुए था। उसके हाथ में कलावा बंधा हुआ है तथा हल्की दाढ़ी है।

# मौ.सारिम ने रखी वुड कार्विंग की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** व्यापारी संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों ने समस्याओं व जीएसटी से जुडे मुद्दों को रखा। जिस पर जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही अधिकांश समस्याओं का समाधान कर दिया।



मंडी समिति रोड स्थित एक होटल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में हस्तशिल्प उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी, ईपीसीएच सीओए मेंबर व सहारनपुर वुड कारविंग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद औसाफ गुड्डू के हज यात्रा पर होने के कारण उनके प्रतिनिधि के तौर पर उनके पुत्र मोहम्मद सारिम ने हिस्सा लिया। मोहम्मद सारिम ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों के सामने वुड कारविंग उद्योग और व्यापारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार मजबूती से रखे। जिस पर विभागीय अधिकारियों ने सहयोग का भरोसा दिया। राज्य कर विभाग अधिकारियों ने व्यापारियों को सरकार की नीतियों की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों को परेशान करना नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं को सुलझाना है। संवाद कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर खंड 4 राकेश राय, डिप्टी कमिश्नर खंड 8 परितोष कुमार मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर खंड 7 भारत भूषण, असिस्टेंट कमिश्नर खंड 8 माता प्रसाद पाठक व राजकुमार हाडाला मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अंसारी टिंबर से परवेज अंसारी, होटल सिल्वर ओक के स्वामी असद खालिद, सीए मुजफ्फर अली अंसारी, एडवोकेट ईशान अंसारी, एडवोकेट अब्दुररहमान और एडवोकेट साद वसीम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पुराने स्मार्ट मीटरों की जगह लगाए जाएंगे नए पोस्टपेड मीटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं के हित में सूचना जारी करते हुए बताया है कि शहर क्षेत्र में पूर्व में लगाए गए कुछ ईईएसल स्मार्ट मीटर तकनीकी एवं संचार संबंधी समस्याओं के कारण सही ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जिससे समय पर बिलिंग में परेशानी आ रही है।

**■ नगरीय अधीक्षण अभियन्ता ने की उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील**

नगरीय अधीक्षण अभियंता आर.एस वर्मा ने बताया कि ऐसे पुराने स्मार्ट मीटरों को चरणबद्ध तरीके से नए स्मार्ट पोस्टपेड मीटरों से बदला जाएगा। नए मीटर लगने से उपभोक्ताओं को समय पर एवं सटीक बिल, स्वचालित मीटर रीडिंग, बिलिंग त्रुटियों में कमी तथा एसएमएस एवं मोबा. इल एप के माध्यम से बिल संबंधी जानकारी प्राप्त होगी।

विभाग ने उपभोक्ताओं से मीटर परिवर्तन कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए बताया कि यह कार्य पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है, जिससे बेहतर एवं पारदर्शी विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव तैयारियों में जुटेः वाहिद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा की मासिक बैठक में महंगाई बेरोजगारी के साथ-साथ पेपर लीक और मजहब देख कर हत्या किए जाने की घटनाओं के कड़े शब्दों में निंदा की गई और 2027 होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया गया।

अंबाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद की देखरेख में समस्त प्रकोष्ठों के कार्यों की समीक्षा की गई इस दौरान जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि आज भाजपा के कार्यों से हर वर्ग त्रस्त है और इस भाजपा सरकार से निजात चाहता है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जंगल राज कायम है हत्याएं लूट की घटनाएं बढ़ रहे हैं।

लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि आज सभी विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष अपने संगठन को मजबूत करें। प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य बनाकर कार्य करें और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देशानुसार चुनाव की तैयारी में लग जाए। पूर्व विधायक मनोज चौधरी, मजाहिर राणा, साजिद चौधरी, पूर्व मंत्री विनोद तेजियां



पूर्व मंत्री लियाकत अली ब्लॉक प्रमुख चौधरी ताहिर हसन जिला पंचायत सदस्य ममता चौधरी फरहाद आलम गड़ा चौधरी सलीम अख्तर चौधरी चौधरी अब्दुल गफूर ने भी विचार रखे। बैठक में सुदेश गुर्जर फैसल सलमानी रतन यादव मुस्तकीम राणा संदीप सैनी रमेश पवार राज. कुमार घटड़ा काशिफ अली आसिफ चौधरी विलास राणा ओसामा गड़ा राम आशीष यादव महजबी खान महेंद्र राकेश नवाब यादव हसीन कुरैशी सतीश कुमार वासिल तोमर नियाज हसन किरण पाल राजेश सैनी कंवरपाल अहमदपुर नागेंद्र राणा अर्जुन पंडित महेंद्र कोटिया राव साकिब जिंदगी गुजर फरजाना अंजू रानी अशोक बर्मन सबरीन मुस्कान सिद्धार्थ यादव आज शमशेर कुलदीप हंस शाहनवाज प्रदीप कुमार सोनू नंबरदार मोहम्मद आफताब अंकित शर्मा सचिन गुर्जर रणवीर सिंह गौरव यादव शाहिद मंसूरी वीरेंद्र यादव नवाब यादव अमित कुमार फिरोज अकरम राव वजहद फुरकान त्यागी अमित खारी अंकित चौधरी प्रमोद वेदपाल पटनी मौजूद रहे।

## आधा दर्जन ट्यूबवैलों में चोरी

गागलहेड़ी। ग्राम कुतुबपुर कुसानी में चोरों ने आधा दर्जन ट्यूबवेलों में सेंध लगाकर व खिड़की तोड़कर केबल स्टार्टर चोरी किये। पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की ।

मिली जानकारी के अनुसार कुतुबपुर कुसानी के जंगल मे स्थित किसान संदीप पुत्र कृष्ण सिंह, नीटू यादव पुत्र यशपाल सिंह, महिपाल पुत्र चमन सिंह, अमित पुत्र नकली सिंह, सचिन पुत्र राकेश तथा मुशर्रफ पुत्र मुनफेत के ट्यूबवेलो में सेंध लगाकर स्टार्टर, केबल चोरी किया। किसानों ने तहरीर देकर पुलिस से चोरों को पकड़ने की माँग की।

# दोमुंहा सांप दिखा ठगी करने वाला पकड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। थाना कुतुबशेर पुलिस ने दोमुंहा सांप दिखाकर औषधि के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो दोमुंहा सांप, नोट गिनने की मशीन, लगभग पांच लाख रूपए की नगदी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।



पुलिस लाईन के नवीन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी व उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दोमुंहा सांप दिखाकर औषधि के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर ठग आस मौहम्मद पुत्र मोहम्मद भोल्लर निवासी शिवधाम कालोनी खाताखेड़ी थाना मंडी को दबनी कब्रिस्तान वाले खडंजे पर पूजा एनक्लेव के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे/निशानदेही पर दो दोमुंहा सुापा, 4 लाख 94 हजार रूपए की नगदी, नोट गिनने की एवं एक कार संख्या डीएल12सी- 4747 बरामद कर ली। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि दबोचे गए आरोपी ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि आशु गोयल के नाम का आधार कार्ड मैंने अपनी पहचान छिपाने तााि अवैध काम करने के लिए फर्जी तरीके से बनवाया था। मेरा असली नाम आस मौहम्मद है। मैं अपने साथियों के साथ मिलकर दोमुंहा सांप बेचने का काम करता हूं। आज भी हम 15 लाख रूपए में एक दोमुंहा सांप बेचने आए थे तथा मेरे हिस्से पांच लाख रूपए आए थे। बरामद नगदी उन्हीं पांच लाख में से है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## मनोनयन पर हर्ष

**गंगोह।** पूर्व विधायक एवं मन्त्री संजय गर्ग को भारत विकास परिषद का राष्ट्रीय संरक्षक मना. ेनीत किये जाने पर वैश्य अग्रवाल समाज सहित विभिन्न संगठनों व जन प्रतिनिधियों ने प्रसन्नता जताई है और भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन एवं परिषद के राष्ट्रीय सचिव का आभार जताया है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष मोल्हड मल गर्ग, युवा अध्यक्ष मनोज गोयल, सभासद नीरज अग्रवाल, महाराजा अग्रसैन ट्रस्ट के अध्यक्ष वरुण गर्ग, रमेशचंद गर्ग, पूर्व सभासद उषा गर्ग, एचआर इण्टर कालेज के प्रबन्धक योगेश गर्ग, आरके मेहता इंटर कालेज के प्रदीप तायल, आदेश गर्ग आदि ने उक्त उपलब्धि का स्वागत किया।

# चोरी की बाइक समेत दो युवक दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को चोरी की गई एक बाइक सहित गिरफ्तार किए है । पुलिस कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किए है।



कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया कि पुलिस गंदेबढ़ तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान दो युवकों को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिये गए है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों के नाम आबिद पुत्र अख्तर, कुर्बान पुत्र हाशिम निवासीगण गांव नानोली थाना बेहट सहारनपुर बताए है पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि यह बाइक शुक्रवार कोगांव मिलको से चोरी हुई थी। पुलिस ने पकड़े गए आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिए गये है।

आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक धीरज सिंह उप निरीक्षक मोहम्मद उमर हेड कांस्टेबल गोविंद कांस्टेबल,ब्रजवीर राणा कांस्टेबल उमंग राठी शामिल रहे

# बाधित नहीं होगा गांवों का विकासः जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाया जाना ऐतिहासिक निर्णय है। इससे गांवो में विकास बाधित नहीं होंगे।

प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर सरकार का आभार प्रकट करने हेतु एवं क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की पुस्तिका के विमोचन पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार का ग्राम प्रधानों का चुनाव होने तक प्रशासक बनाया जाने का निर्णय ऐतिहासिक और जनता के हित में है।इससे विकास कार्य बाधित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में विकास धरातल पर दिखाई देता है। हर हाइवे बने हैं।यात्रा सुगम हुई है और अब सड़कों पर धूल नहीं उड़ती।जसवंत सैनी ने कहा कि गुंडागर्दी समाप्त हो चुकी है। प्रदेश की जनता सुरक्षित महसूस करती है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीति जीरो टॉलरेंस की नीति है। पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य मेलाराम पँवार ने कहा कि लोकतंत्र की पहली सीढ़ी ग्राम प्रधान होते हैं।सरकार का निर्णय ऐतिहासिक और विकास कराने वाला है।आज प्रदेश की सूरत बदल गई है।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि रामपुर मनिहारान ब्लॉक के सभी गांवो में भरपूर विकास हुआ है। ब्लॉक प्रमुख व ग्राम प्रधानों के सामंजस्य से विकास का रिकार्ड बना है। सभी ग्राम प्रधानों ने ईमानदारी से अपना काम किया है। विजयपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत द्वारा 245 विकास कार्य 12 करोड़ 63 लाख 88 हजार 950 रुपये से कराए गए हैं।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार, प्रमोद कौशिक आदि ने भी अपने विचार रखे। संचालन मनोज कुमार ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा चौधरी हैदर गुर्जर, दीपक सैनी, अमित प्रधान, विशाल राणा,राव जहांगीर, राव उस्मान, बिजेंद्र राणा, विक्रम पँवार, तरसपाल, राजकुमार, धर्मेंद्र, मसूद, नकली सिंह, योगेश सैनी, तेग बहादुर, रोबिन पँवार, शुभम आदि मौजूद रहे।

## किसानों को देख भागे खनन माफिया

**चिलकाना।** ग्राम माहेश्वरी कलां में बेखौफ खनन माफियाओं द्वारा परमिशन की आड़ लेकर देर रात्रि अंधेरे के समय जेसीबी मशीन से धरती का सीना चीरकर अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। जिससे आसपास के पड़ोसी किसानो ने अपने खेत में लगे पेड़ों के गिरने, बरसात में मिट्टी का कटाव होने व ट्यूबवेल हाउस गिरने की संभावना के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन से मिट्टी के इस अवैध खनन पर रोक लगाई जाने की मांग की है।

ग्राम माहेश्वरी कलां में बेखौफ खनन माफियाओं द्वारा रात्रि के अंधेरे में जेसीबी से खुदाई कर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है जिसमें खेती की जमीन से खुदाई कर 4 से 5 फिट तक मिट्टी को उठाकर बेचा जा रहा है।

# पौधारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। रेलवे पेंशनर्स समाज संस्था पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ग्रहण करायी गयी।





रेलवे कॉलोनी पर स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पौधे रोपित किये तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ग्रहण की। तत्पश्चात विचार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेलवे सहायक मंडल अभियंता मनीष धवन, वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य) पंकज कुमार, वरिष्ठ खंड अभियंता (विद्युत) हर्षवर्धन ने कहा कि विकाश के नाम पर वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, कंक्रीट की इमारतों, ईधन वाहनों तथा वातानुकूलित यंत्रों का बढ़ते उपयोग एवं अपशिष्ट भोजन के कारण गर्मी अधिक बढ़ रही है। वास्तव में यह विकाश का नहीं विनाश का कारण है। हमें विकाश के नाम पर हरियाली को नष्ट करना बंद करना होगा, बल्कि और अधिक वृक्ष लगाने होंगे। उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने का आवाहन किया। संस्थापक आर सी शर्मा ने अतिथियों को स्कंध वस्त्र पहनाकर एवं संस्था पत्रिका भेंट कर उनका सम्मान किया तथा संस्था के विषय में जानक. ारी दी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में बताया तथा संगोष्ठी का सामाजिक जागरूकता के लिए महत्व बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष जे एन शर्मा, महामंत्री एन एस चौहान, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा एवंम मूलचंद रॉगड़ा, स्वतंत्र भारद्वाज, इकबाल अजीम, देवेंद्र कुमार, अमर नाथ त्यागी, इंद्रजीत कुमार, विजय त्यागी, निसार अहमद, विजय तलवार, संजीव छावड़ा, आर के धीगड़ा, अशोक शर्मा, अजय शर्मा, अजीत राणा, प्रदीप गिलोत्रा, जयदेव सिंह, अमरनाथ, मीना कटारिया, बलजीत जायसवाल, वेद प्रकाश मौजूद रहे।

# अमेरिका-ईरान फिर सैन्य टकराव के करीब

## दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किए

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच तनाव एक बार फिर सीधे सैन्य टकराव के बेहद करीब पहुंच गया। दोनों पक्षों ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किए। खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष विराम की परीक्षा के बीच ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागे जाने के बाद अमेरिकी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी ड्रोन और रडार ठिकानों को निशाना बनाया।

इसी दौरान एक अन्य मोर्चे पर इजरायल-लेबनान में संघर्ष विराम समझौता होने के बावजूद इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच झड़पें तेज हो गई हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर यह युद्धविराम लागू है, लेकिन जमीन पर इसका पालन बेहद कमजोर नजर आ रहा है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि ईरानी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। शुरुआती आकलन के अनुसार, अमेरिकी सेना ने कुवैत और बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई सात मिसाइलों में से छह को हवा में ही नष्ट कर दिया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही गिर गई। बयान में कहा गया है कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सेंटकॉम ने कहा कि बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं। इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया था कि उसने 'क्षेत्र में मौजूद दुश्मन के ठिकानों' पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में सक्रिय जहाजों के लिए सीधा खतरा बने ईरान के चार हमलावर ड्रोन को मार गिराया गया। जवाब में अमेरिका ने गोरुक और केश्म द्वीप पर स्थित ईरान के रडार और तटीय रक्षा ठिकानों पर हमले किए। ये वे महत्वपूर्ण ठिकाने हैं, जहां से तेहरान समुद्री यातायात पर नजर रखता है। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को रक्षात्मक कदम बताया। इसका उद्देश्य वाणिज्यिक जहाजरानी मार्गों की रक्षा करना और भविष्य के हमलों को रोकना है। ईरान ने इस घटनाक्रम को अलग तरह से पेश किया है। वहां की अर्ध-सरकारी 'मेहर न्यूज एजेंसी' ने खबर दी है कि ईरानी बलों ने जलडमरूमध्य के पास चेतावनी के तौर पर गोलीबारी की थी, जो संभवतः क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों की नई तैनाती के जवाब में की गई थी। ईरान ने पूरे क्षेत्र में दुश्मन के ठिकानों को सफलतापूर्वक निशाना बनाने का भी दावा किया, हालांकि सेंटकॉम ने बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की रिपोर्टों का सिरे से खंडन किया है। तड़के सुबह बहरीन और कुवैत में हवाई हमले के सायरन गूंज उठे। कुवैत की सेना ने कहा कि वह मिसाइलों और ड्रोनों के खतरों का सक्रियता से जवाब दे रही है। हालांकि किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन इस चेतावनी ने यह साफ कर दिया है कि जब भी अमेरिका-ईरान के बीच टकराव होता है, तो खाड़ी देश कितने जोखिम में आ जाते हैं। लेबनान के सरकारी मीडिया के अनुसार, शुक्रवार को वहां स्थिति और अधिक हिंसक हो गई, जहां दक्षिण में हुए इजरायली हमलों में 20 से अधिक लोग मारे गए।



■ बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं

### अमेरिका ने ईरान की छह बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया: सेंटकॉम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर दागी गई ईरान की कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। सेंटकॉम के अनुसार अमेरिकी बलों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के चार एकतरफा हमला करने वाले (आत्मघाती) ड्रोन मार गिराए जाने के बाद, ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। सेंटकॉम ने दावा किया कि ईरान की छह मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। उसने यह भी कहा कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को नुकसान नहीं पहुंचा। कमान ने ईरान के उन दावों को भी खारिज कर दिया, जिनमें बहरीन स्थित अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की बात कही गई थी।

### शांति शक्ति संतुलन पर निर्भर, खोखले वादों पर नहीं: ईरानी सलाहकार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा है कि स्थाई शांति केवल शक्ति संतुलन के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने विरोधियों के साथ किसी भी तरह के समझौते या 'खोखले वादों' पर भरोसा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विलायती ने कहा कि ईरान के बढ़ते प्रभाव को लेकर पश्चिमी देशों की चिंताएं अब हकीकत में बदल चुकी हैं और वैश्विक स्तर पर 'शक्ति का एक नया ढांचा' उभर कर सामने आया है। उन्होंने पश्चिमी मीडिया की उन रिपोर्टों का हवाला दिया जिनमें कहा गया है कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए एक अस्थाई समझौते की कोशिश कर रहा है। विलायती ने इसे 'ईरान को डराने की नीति की विफलता' और 'प्रतिरोध की जीत' के रूप में वर्णित किया। विलायती ने क्षेत्रीय ताकतों को राजनीतिक समझौते के जरिए अपने प्रतिरोध को कमजोर न करने की चेतावनी दी।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव से भारत नाराज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 7 जून को होने वाले विधानसभा चुनावों का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान जिस क्षेत्र पर अवैध और जबरन कब्जा किए हुए है, वहां चुनाव कराने की उसकी योजना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है।

इसलिए पाकिस्तान को उन क्षेत्रों में किसी भी तरह की राजनीतिक प्रक्रिया चलाने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव कराने जैसी गतिविधियां वहां की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकतीं। गिलगित- बाल्टिस्तान में रविवार को 10 जिलों की 24 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। यह भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा है। हालांकि, यह पाकिस्तान के कब्जे में है। इसी वजह से वहां होने वाले हर चुनाव या राजनीतिक कदम पर भारत आमतौर पर आपत्ति दर्ज कराता है।



■ कहा: इससे अवैध कब्जा वैध नहीं होगा, 7 जून को 24 सीटों पर वोटिंग

गिलगित-बाल्टिस्तान में साढ़े पांच साल बाद चुनाव हो रहे हैं। इससे पहले यहां नवम्बर 2020 में चुनाव हुए थे, जिनमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जीत हासिल की थी। यहां का कार्यकाल 5 साल का होता है। 2020 में चुनी गई विधानसभा ने नवम्बर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था। नियमों के मुताबिक इसके बाद नए चुनाव कराए जाने थे, लेकिन खराब मौसम और प्रशासनिक कारणों से मतदान समय पर नहीं हो सका। क्षेत्र में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी होती है, जिससे कई इलाकों में आवागमन प्रभावित हो जाता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति राजधानी योजना आयोग ने ग्रेट ट्रायम्फल आर्क परियोजना को दी मंजूरी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग ने वाशिंगटन डीसी में ग्रेट ट्रायम्फल आर्क (विशाल विजय मेहराब) की योजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने परियोजना के पक्ष में 8.1 से मतदान करने के लिए आयोग को धन्यवाद दिया। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग को बहुत-बहुत धन्यवाद जिसने आर्लिंगटन मेमोरियल ब्रिज के आधार पर बनने वाले भ आर्क डी ट्रायम्फ को 8-1 के बहुमत से मंजूरी प्रदान की है। इस संरचना की 200 वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षा की जा रही थी।

## ट्रम्प के साथ किसी भी परमाणु समझौते पर भरोसा नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार एवं इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर-इन-चीफ मोहसिन रेजाई ने वर्ष 2015 के जेसीपीओए समझौते से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पीछे हटने का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ फिलहाल परमाणु पर कोई बातचीत नहीं होगी।

रेजई ने यह भी कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गई है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को कदम उठाना चाहिए। ईरानी मीडिया के अनुसार, आईआरजीसी के पूर्व प्रमुख ने अमेरिका को दोबारा आक्रामकता दिखाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने फिर से सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुना, तो वह एक अंधेरी और अंतहीन सुरंग में प्रवेश कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध और नाकेबंदी जारी रही तो ईरान इस टकराव को फारस की खाड़ी से आगे हिंद महासागर, लाल सागर, बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य और भूमध्य सागर तक बढ़ा सकता है। रेजाई ने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत गतिरोध पर पहुंच गई है और ईरान के फ्रीज किए गए फंड को जारी करना विश्वास बहाली के लिए एक जरूरी परीक्षा है। उन्होंने 'सीएनएन' से कहा कि अब गेंद ट्रम्प के पाले में है और ईरान के रोके गए फंड को जारी करना विश्वास बहाली के उपाय के रूप में काम करेगा।

■ ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गई है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को कदम उठाना चाहिए

### सूडानी नागरिक की जांच रिपोर्ट आई इबोला निगेटिव, अस्पताल से जल्द मिलेगी छुट्टी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद के सरकारी गांधी अस्पताल के इबोला आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराए गए एक संदिग्ध सूडानी यात्री की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की है कि मरीज में इबोला वायरस का कोई संक्रमण नहीं पाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह यात्री गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा था। हवाई अड्डे पर थर्मल स्क्रीनिंग के दौरान उसे हल्का बुखार पाया गया, जिसके बाद एहतियात के तौर पर उसे तुरंत अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## अमेरिका-ईरान समझौता जब्त संपत्तियों की रिहाई पर निर्भर: मोहसिन रज़ाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ सलाहकार मो. हसिन रजाई ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि ट्रम्प प्रशासन ईरान की 24 अरब डॉलर की जब्त की हुई संपत्तियों को जारी करने की मांग स्वीकार करता है या नहीं। सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार रजाई ने कहा कि अब अगला कदम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उठाना है।

उन्होंने कहा कि वार्ताएं गतिरोध की स्थिति में हैं और इस गतिरोध को तोड़ना ट्रम्प की जिम्मेदारी है। गेंद अब ट्रम्प के पाले में है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सैन्य टकराव फिर शुरू हुआ तो संघर्ष का दायरा फारस की खाड़ी से कहीं आगे तक फैल सकता है। रजाई के अनुसार ईरान चाहता है कि अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर होते ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं, जबकि शेष 12 अरब डॉलर बाद में दिए जाएं। उन्होंने कहा कि यह राशि जारी करना विश्वास बहाली का महत्वपूर्ण कदम होगा और युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते तक पहुंचने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प वास्तव में ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं तो यह 24 अरब डॉलर विश्वास की परीक्षा है। अमेरिका को यह परीक्षा पास करनी होगी, तभी आगे का रास्ता खुलेगा। यह हमारा अपना पैसा है, अमेरिका का नहीं। यह मांग ऐसे समय सामने आई है जब ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय तनाव जैसे मुद्दों पर संभावित समझौते के लिए अप्रत्यक्ष वार्ताएं जारी हैं, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अमेरिकी अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इस स्तर पर ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने से वार्ता में अमेरिका की दबाव बनाने की क्षमता कम हो सकती है। रजाई ने संभावित सैन्य कार्रवाई के परिणामों को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई करता है तो ईरान युद्ध का दायरा बढ़ा देगा। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से लेकर हिद महासागर, बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य, लाल सागर और भूमध्यसागर तक के रणनीतिक समुद्री मार्गों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघर्ष को नया आयाम दिया जा सकता है।



■ वार्ताएं गतिरोध की स्थिति में हैं और इस गतिरोध को तोड़ना ट्रम्प की जिम्मेदारी है: रज़ाई

## ट्रम्प सरकार की जासूसी करा रहा इजरायल

### बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी अधिकारी, इजरायल बोला: आरोप झूठा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल के बीच ईरान को लेकर मतभेद बढ़ रहे हैं। इस बीच अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) के भीतर यह चिंता बढ़ गई है कि इजरायल अमेरिकी अधिकारियों और ट्रम्प सरकार की अंदरूनी जानकारी जुटाने के लिए जासूसी की कोशिश कर रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक दो मौजूदा और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि पेंटागन की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) ने हाल ही में इजरायल से जुड़े काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाकर 'क्रिटिकल' कर दिया है। यह एजेंसी का सबसे गंभीर अलर्ट माना जाता है। अमेरिका और इजरायल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है। हालांकि इजरायल ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। इजरायली दूतावास का कहना है कि वह अमेरिकी अधिकारियों की जासूसी नहीं करता और उसकी खुफिया एजेंसियां सहयोगियों नहीं, बल्कि दुश्मनों पर नजर रखती हैं। काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाने का सबसे ज्यादा असर उन अमेरिकी अधिकारियों पर पड़ सकता है जो इजरायल की यात्रा करते हैं या इजरायली अधिकारियों के साथ सीधे संपर्क में रहते हैं। हालांकि अमेरिका और इजरायल के बीच खुफिया जानकारी साझा करने का सहयोग फिलहाल जारी रहेगा। एक अमेरिकी अधिकारी ने एनबीसी को बताया कि अमेरिका पहले से ही अपने सीनियर अधिकारियों की इजरायल यात्रा के दौरान खास सावधानी बरतता है। इजरायल में रह रहे अमेरिकी अधिकारी अपने फोन-लैपटाप का इस्तेमाल करने से बचते हैं। वे बर्नर फोन (इस्तेमाल कर फेंक दिए जाने वाले फोन) और खास कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते हैं। कई बार वे होटल के कमरों या ऐसी जगहों पर संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करने से भी बचते हैं, जहां निगरानी का खतरा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि इजरायली खुफिया एजेंसियां जानकारी जुटाने के मामले में काफी आक्रामक मानी जाती हैं। हालांकि अधिकारियों ने यह भी कहा कि ऐसा कोई एक बड़ा घटनाक्रम नहीं था जिसकी वजह से खतरे का स्तर अचानक बढ़ाया गया हो। इसके बजाय कई घटनाओं और आकलनों के आधार पर यह फैसला लिया गया। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है जब ईरान को लेकर ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। अप्रैल में युद्धविराम के बाद ट्रम्प ईरान के साथ एक बड़े समझौते की कोशिश कर रहे हैं, जबकि नेतन्याहू का मानना है कि ईरान किसी समझौते का पालन नहीं करेगा।



■ अमेरिका और इजरायल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है

### अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा और छद्म वित्तीय नेटवर्क पर कड़े किए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान के खिलाफ बड़ी आर्थिक कार्रवाई करते हुए उसके एक 'संगठित नेटवर्क' पर नए प्रतिबंधों का एलान किया है। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार, यह नेटवर्क 'अवैध ऊर्जा व्यापार और वैश्विक वित्तीय धोखाधड़ी' में लिप्त था। इसके जरिए दक्षिण और पूर्वी एशिया के बाजारों में करोड़ों डॉलर मूल्य की ईरानी एलपीजी की तस्करी की जा रही थी। अमेरिकी विदेश और वित्त मंत्रालय के जारी बयानों के मुताबिक ईरान इसे ओमान जैसे तीसरे देशों का बताकर बेच रहा था। इस पूरे खेल को छिपाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और चीन में सक्रिय मुखौटा कंपनियों के साथ-साथ ईरान के जहाजों के लिए छद्म बेड़े का इस्तेमाल किया जा रहा था। ये जहाज अपनी पहचान और ईंधन के ईरानी मूल को छिपाकर परिवहन कर रहे थे।




**भोपाल। कोलार जल आपूर्ति की मरम्मत पूरी न हो पाने के कारण आपूर्ति बाधित होने से पानी भरने के लिए कतार में खड़े लोग।**

### 'ऑपरेशन तूफान' के तहत दो प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के सरगना अरेस्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने मादक पदार्थों की श्रृंखलाओं को नष्ट करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान 'ऑपरेशन तूफान-द नार्को हंट' के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़े दो प्रमुख सरगनाओं को गिरफ्तार किया है। गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने बताया कि नाइजीरियाई नागरिक सैमुअल क्लिफसन ओकफोर को दिल्ली में पंडालम में दर्ज एक मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया, जबकि पेरिनद, पथानामथिट्टा में दर्ज एक मामले में वांछित विदेशी नागरिक एल्सीना संतन सुसान को बेंगलुरु में पकड़ा गया।

## जंग के बावजूद ईरानी फुटबॉल टीम को अमेरिकी वीजा मिला

■ सपोर्ट स्टाफ को अब तक इजाजत नहीं, ईरान बोला: यह भेदभाव

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के बावजूद ईरानी फुटबाल टीम के खिलाड़ियों को अमेरिका का वीजा मिल गया है। हालांकि टीम के कई सपोर्ट स्टाफ और अधिकारियों को अब तक अमेरिकी वीजा नहीं मिला है।

इस पर ईरान ने अमेरिका पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, फुटबाल महासंघ के महासचिव हेदायत मोम्बेनी, उपाध्यक्ष मेहदी मोहम्मद नबी समेत 14 अधिकारी और सहयोगी स्टाफ अभी भी वीजा का इंतजार कर रहे हैं। महासंघ का कहना है कि इससे टीम को बराबरी का मौका नहीं मिल रहा है और वह इस मामले को फीफा के सामने उठाएगा। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सभी खिलाड़ियों, कोच, ट्रेनर और कुछ सपोर्ट स्टाफ को वीजा जारी कर दिया गया है, लेकिन कुछ आवेदनों को मंजूरी नहीं दी गई। ईरानी टीम फिलहाल तुर्किये के अंताल्या में अभ्यास कर रही है और वहां से मेक्सिको रवाना होगी। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा। पहली बार यह टूर्नामेंट तीन देशों की मेजबानी में खेला जाएगा। इसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी।



## ईरान के पास समझौते के अलावा विकल्प नहीं: ट्रम्प

### अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, क्योंकि ईरानी नेतृत्व 'मजबूत' और 'स्वाभिमानी' है, लेकिन अंततः उसके पास समझौते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रम्प ने एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि वे मजबूत हैं, वे गर्व से भरे हुए हैं।

कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा। उनके पास कोई विकल्प नहीं है, हालांकि इसमें थोड़ा समय लगेगा। ट्रम्प की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए चल रही वार्ता चौथे महीने में प्रवेश कर चुकी है। अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है। हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास दोनों पक्षों द्वारा की गई सैन्य कार्रवाइयों के कारण तनाव फिर बढ़ गया है, जिससे युद्धविराम पर भी खतरा मंडराने लगा है।अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को कांग्रेस के सदस्यों से कहा कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम से संचालित सैन्य अभियान समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह की गई अमेरिकी सैन्य कार्रवाई पूरी तरह रक्षात्मक थी और यह होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट जहाजों पर ईरानी हमलों के जवाब में की गई। रुबियो ने कहा कि अपनी सेनाओं की सुरक्षा के लिए हम केवल ड्रोन को नहीं, बल्कि उन्हें लॉन्च करने वालों को भी निशाना बनाते हैं। यदि वे जहाजों पर हमला नहीं करेंगे तो हम भी कार्रवाई नहीं करेंगे, लेकिन जवाब देना हमारी मजबूरी है। ट्रम्प और उनकी रिपब्लिकन सरकार लगातार यह दावा करती रही है कि इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई उसके परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को रोकने के लिए आवश्यक थी।



■ कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा: ट्रम्प

### दर्शकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पेड्डी में बदलाव करेंगे निर्देशक बुची बाबू सना

**मुंबई।** फिल्म पेड्डी को लेकर उठी आपत्तियों के बीच निर्देशक बुची बाबू सना ने दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का सम्मान करते हुए फिल्म के कुछ दृश्यों में बदलाव करने की घोषणा की है। बुची बाबू सना ने जारी बयान में कहा कि फिल्म के कुछ हिस्सों को लेकर सामने आई चिंताओं को गंभीरता से लिया गया है और उनकी समीक्षा के बाद आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक फिल्ममेकर के रूप में उनका मानना है कि सिनेमा का उद्देश्य लोगों का मनोरंजन करना, उन्हें प्रेरित करना और उनसे जुड़ाव बनाना है। किसी को असहज महसूस कराना या उसका अपमान करना कभी भी उनका उद्देश्य नहीं रहा है।उन्होंने कहा कि वह हमेशा महिलाओं का सम्मान करते आए हैं, चाहे वह पर्दे पर हों या वास्तविक जीवन में। उनका कहना है कि फिल्म में किसी महिला किरदार को गलत तरीके से प्रस्तुत करने या उसका अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि यदि फिल्म का कोई हिस्सा दर्शकों को ऐसा महसूस कराता है, तो वह उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं और इसके लिए दिल से माफी मांगते हैं।

# AI के पांच सबसे अच्छे 5 कोर्स नहीं होगी नौकरी की दिक्कत और मिलेगी बंपर सैलरी



**नई दिल्ली।** शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बिजनेस और आईटी सहित लगभग हर क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। एआई के कुछ कोर्स आपको अच्छी सैलरी वाली नौकरी दिलाने और करियर में शानदार तरक्की करने में मदद कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई आज के दौर की सबसे तेजी से उभरती टेक्नोलॉजी में से एक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बिजनेस और आईटी जैसे लगभग हर सेक्टर में एआई का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसलिए ही कंपनियां एआई और डेटा साइंस प्रोफेशनल्स तलाश रही हैं। अगर आपने 12वीं पास कर ली है और आगे चलकर अच्छी नौकरी के साथ बंपर सैलरी चाहते हैं, तो एआई से जुड़े कोर्स आपके लिए बेहतरीन ऑपशन साबित हो सकते हैं। जानें ऐसे 5 प्रमुख कोर्स, जिनकी मांग आने वाले सालों में और बढ़ने की उम्मीद है।

**एआई में डिप्लोमा**

एआई में डिप्लोमा एक शॉर्ट-टर्म कोर्स है, जिसमें छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेसिक और एडवांस कॉन्सेप्ट्स सिखाएं जाते हैं। इसमें Python प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डेटा प्रोसेसिंग और अलग-अलग एआई टूल्स की ट्रेनिंग दी जाती है। यह कोर्स आमतौर पर 6 महीने से 2 साल तक का होता है। इसकी फीस लगभग 50 हजार से 3 लाख रुपये तक हो सकती है। यह डिप्लोमा ML इंजीनियर और एआई आर्किटेक्ट जैसी हाई-पेइंग रोल्स के लिए बेस्ट है।

**एआई और डेटा साइंस में बीटेक**

एआई और डेटा साइंस से B.Tech भी अच्छा करियर ऑप्शन है। इस चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज जैसे Python C++ और R की पढ़ाई जाती है। इस कोर्स की फीस संस्थान के अनुसार 4 लाख से 20 लाख रुपये तक हो सकती है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों के लिए टेक कंपनियों में हाई सैलरी के साथ बेहतर करियर अवसर उपलब्ध होते हैं।

**एआई से BCA**

जो छात्र कॉमर्स, आर्ट्स या किसी भी दूसरी स्ट्रीम से 12वीं पास कर चुके हैं, उनके लिए AI से BCA एक अच्छा ऑप्शन है। इस कोर्स में कंप्यूटर एप्लीकेशन के साथ AI और मशीन लर्निंग की पढ़ाई कराई जाती है। इसमें प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, एल्गोरिदम और डीप लर्निंग जैसे सब्जेक्ट्स शामिल होते हैं। इसकी फीस लगभग 50 हजार से 3 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। इस कोर्स के बाद अब प्रोग्रामर या डेटा एनालिस्ट सहित दूसरे रोल्स पर काम करते हुए अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं।

**एआई और डेटा साइंस से B.Sc**

यह 3-ईयर डिग्री कोर्स मशीन लर्निंग और डेटा साइंस पर फोकस करता है। इसमें छात्रों को डेटा माइनिंग, स्टैटिस्टिक्स, डेटा विजुअलाइजेशन और एनालिटिक्स जैसे सब्जेक्ट्स पढ़ाए जाते हैं। इस कोर्स की फीस 30 हजार से 3 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। डेटा साइंस और रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। यह कोर्स ML इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट और AI आर्किटेक्ट जैसे हाई-पेइंग रोल्स दिलाने में मदद कर सकता है।

> **एआई और डेटा साइंस से B.Tech भी अच्छा करियर ऑप्शन है। इस चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा और प्रोग्रा. मिंग लैंग्वेज जैसे Python C++ और R की पढ़ाई जाती है। इस कोर्स की फीस संस्थान के अनुसार चार लाख से 20 लाख रुपये तक हो सकती है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों के लिए टेक कंपनियों में हाई सैलरी के साथ बेहतर करियर अवसर उपलब्ध होते हैं। जो छात्र कॉमर्स, आर्ट्स या किसी भी दूसरी स्ट्रीम से 12वीं पास कर चुके हैं, उनके लिए AI से BCA एक अच्छा ऑप्शन है।**




# JEE एडवांस के बिना मिलेगा IIT दिल्ली में एडमिशन, शुरू हुआ AI कोर्स

**नई दिल्ली।** IIT दिल्ली के लिए AI पद Healthcare प्रोग्राम के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। क्लासेज शनिवार और रविवार को चलाई जाएंगी। IIT Delhi AI Course: आईआईटी दिल्ली IIT Delhi से करना चाहते हैं पढ़ाई तो आपके लिए सुनहरा मौका है। IIT Delhi us Continuing Education Programme CEP Executive Programme for AI in Healthcare का दूसरा बैच लॉन्च कर दिया है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। कैंडिडेट्स 30 जुलाई 2026 से पहले अप्लाई कर लें। संस्थान ने खुद इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी है

**IIT Delhi ने शेयर की जानकारी**

IIT क्मसीप ने X पर किए एक पोस्ट में शेयर किया है कि संस्थान ने AI पद Healthcare प्रोग्राम के दूसरे ब्रांच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही संस्थान ने इस प्रोग्राम से जुड़ी सभी जानकारी शेयर की है।

**क्या है यह प्रोग्राम**

IIT Delhi के इस एक्जीक्यूटिव लेवल प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को हेल्थकेयर इंडस्ट्री में AI के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी।

डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और मेडिकल टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस प्रोग्राम का उद्देश्य प्रोफेशनल्स को हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी के कॉम्बिनेशन में एक्सपर्ट बनाना है, ताकि वे फ्यूचर की डिजिटल हेल्थ सर्विसेज में बेहतर योगदान दे सकें।

## अप्लाई करने के लिए जरूरी डिटेल

**प्रोग्राम:** Executive Programme for AI in Healthcare Batch
**संस्थान:** IIT Delhi
**आवेदन प्रक्रिया:** ऑनलाइन
**लास्ट डेट:** 30 जुलाई 2026
**Class Schedule**- शनिवार: शाम 6:00 बजे से 7:30 बजे तक, रविवार- सुबह 11:00 बजे से 12:30 बजे तक

## कौन कर सकता है अप्लाई

कोई भी ग्रेजुएट प्रोफेशनल आवेदन कर सकता है
उम्मीदवार इंडस्ट्री या एकेडमिक सेक्टर से जुड़ा होना चाहिए

**आवेदन कैसे करें**

IIT Delhi के इस प्रोग्राम के ceppay.iitd.ac.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। सबसे पहले आपको नाम, फोन नंबर और ईमेल डालकर लॉगिन करना होगा। इसके बाद फॉर्म भरें। आईआईटी दिल्ली का यह प्रोग्राम उन प्रोफेशनल्स के लिए एक बेहतरीन अवसर है जो AI और हेल्थकेयर के फील्ड में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। यह कोर्स फ्यूचर की टेक्नोलॉजी आधारित हेल्थ सिस्टम के लिए एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

# यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून से

**उम्मीदवारों के लिए राहत की बात यह है कि इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है। यानी अगर कोई जवाब गलत हो जाता है तो उसके लिए नंबर नहीं काटे जाएंगे। हालांकि उम्मीदवारों को जवाब सोच-समझकर ही भरने चाहिए।**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में नौकरी पाने का सपना देख रहे लाखों युवाओं के लिए बड़ी खबर है। यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून से शुरू होने जा रही है। लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवार अब अंतिम दौर में पहुंच चुके हैं। ऐसे समय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि परीक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी होना भी बहुत जरूरी है। हर साल कई अभ्यर्थी देर से पहुंचने, जरूरी दस्तावेज साथ न रखने या नियमों की जानकारी न होने की वजह से परेशानी में पड़ जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं तो एग्जाम वाले दिन किसी तरह की दिक्कत से बचने के लिए भर्ती बोर्ड की ओर से जारी सभी जरूरी नियम पहले से जान लें।




**8 से 10 जून तक होगी परीक्षा**

यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून, 9 जून और 10 जून को कराई जाएगी। परीक्षा के लिए राज्यभर में कई केंद्र बनाए गए हैं। बड़ी संख्या में उम्मीदवार इसमें शामिल होने वाले हैं।

**दो शिफ्ट में होगा एग्जाम**

परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। उम्मीदवारों को अपनी शिफ्ट का समय एडमिट कार्ड में देख लेना चाहिए।

**समय से पहले पहुंचना जरूरी**

भर्ती बोर्ड ने साफ कहा है कि तय समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। सुबह की शिफ्ट वाले उम्मीदवारों को सुबह 8 बजे से 9:30 बजे के बीच केंद्र पहुंचना होगा। वहीं दूसरी शिफ्ट वालों को दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे के बीच रिपोर्ट करना होगा। इसलिए आखिरी समय तक इंतजार करने की गलती न करें।

**एडमिट कार्ड और पहचान पत्र जरूर रखें**

परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड जरूरी है। इसके साथ आधार कार्ड या कोई दूसरा सरकारी पहचान पत्र भी रखना होगा। बिना पहचान पत्र के उम्मीदवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**सेंटर बदलने की सुविधा नहीं**

कई उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र उनके शहर से दूर आया है, लेकिन भर्ती बोर्ड ने साफ कर दिया है कि एक बार सेंटर तय होने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को उसी केंद्र पर परीक्षा देनी होगी जो उनके एडमिट कार्ड में लिखा है।

**यह सामान बिल्कुल न ले जाएं**

मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, नोट्स, कागज या किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामान परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी सभी उम्मीदवारों की बायोमेट्रिक जांच भी की जाएगी।

**गलत जवाब पर नहीं कटेंगे नंबर**

उम्मीदवारों के लिए राहत की बात यह है कि इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है। यानी अगर कोई जवाब गलत हो जाता है तो उसके लिए नंबर नहीं काटे जाएंगे। हालांकि उम्मीदवारों को जवाब सोच-समझकर ही भरने चाहिए।



**OMR शीट पर भरने होंगे जवाब**

यह परीक्षा कंप्यूटर पर नहीं होगी। उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट दी जाएगी। सभी जवाब ओएमआर शीट पर भरने होंगे। इसके लिए काला या नीला बॉल पेन साथ रखना जरूरी है। प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मिलेगा।